ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 02 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-287 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

साउथ एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने ट्रोलर्स को... पेज 10 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

### जमीन खरीद मामले में गिरफ्तार विष्णु अग्रवाल को ईडी कोर्ट ने भेजा जेल

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड में एक एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में गिरफ्तार न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने सात दिनों की रिमांड की मांगी, जिस पर बुधवार को बहस होगी। ईडी कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इससे पहले कोर्ट में गिरफ्तारी का विरोध करते हुए व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने उनकी गिरफ्तारी के कारणों की लिखित में ईडी से जानकारी मांगी। याचिका दाखिल कर कहा कि गिरफ्तार करने का क्या आधार है। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि उनके पास विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी का ठोस आधार है।

### मिड डे मील घोटाले में संजय तिवारी सहित तीन के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मिड डे मील की करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपित संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने आरोप गठित कर दिया। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े सभी आरोपित सशरीर कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे। अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया, जिसे आरोपितों ने गलत बताया। संजय तिवारी सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गए थे। इसे लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस टेकअप किया। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में आरोपित हैं।

### अवैध माइनिंग करने वाले वाहनों की चेकिंग कर दें रिपोर्ट : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका मामले में पलामू, गढ़वा और लातेहार के उपायुक्त एवं एसपी को दिया निर्देश किया है कि वे अवैध माइनिंग करने वाले वाहनों की चेकिंग करें और दो सप्ताह में रिपोर्ट दे। कोर्ट ने कहा कि अवैध रूप से वाहनों से लौह अयस्क समेत अन्य खनिजों के अवैध रूप से ट्रांसपोर्टेशन की बात कही जा रही है।

# विष्णु, छवि, प्रेम की तिकड़ी की जमीन हड़पने में अहम भूमिका

### प्रेम प्रकाश व छवि रंजन जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल के मददगार

### नौकरी के रिज्यूमें में विष्णु अग्रवाल से जान परिचय का किया था जिक्र







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाले में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन , सता के गलियारे का चर्चित नाम प्रेम प्रकाश और विष्णु अग्रवाल एक दूसरे के मददगार रहे हैं। रांची के चेशायर होम रोड की जमीन से लेकर सेना की सिरमटोली स्थित जमीन को हथियाने में छवि रंजन की भूमिका मददगार की रही। ईडी ने विष्णु अग्रवाल के खिलाफ दिए रिमांड पीटिशन में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि फेसटाइम, व्हाट्सएप कॉल पर भी दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी। दोनों ने सरकारी ड्राफ्ट आर्डर, गोपनीय दस्तावेज का आदान प्रदान किया था। ईडी की जांच से जुड़े संदेश भी दोनों ने एक दूसरे से किए थे। ईडी ने पांच सितारा होटल में बुकिंग की सुविधा से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किए हैं। यहां तक की छवि रंजन ने अपने परिचितों की नौकरी के लिए कई रिज्यम भी विष्णु अग्रवाल को भेजे थे।

**पुगडू जमीन का ड्राफ्ट विष्णु ने तैयार किया, छवि ने निकाला आर्डर :** ईडी ने जांच में पाया है कि पुगडू की 9.30 एकड़ जमीन को लेकर विष्णु अग्रवाल ने एक ड्राफ्ट तत्कालीन डीसी छवि रंजन को भेजा था। इसी ड्राफ्ट में मामूली बदलाव कर छवि रंजन ने राज्य सरकार के संयुक्त सचिव अंजनी कुमार मिश्रा को पत्र भेजा। इसके बाद हस्ताक्षरयुक्त मूल कॉपी भी विष्णु अग्रवाल को भेजा गया था। दो बार इस गोपनीय पत्र को भेजा गया था, जिसमें लिखा गया था कि इस जमीन में एसआईटी ने प्रतिवेदन दी है, डीसी के स्तर से इसकी समीक्षा का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। सिमरटोली की सेना की जमीन में लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भी एक पत्र उपसमाहर्ता विधि शाखा द्वारा प्रभारी उपसमाहर्ता, जिला अभिलेखागार , जिला भू अर्जन पदाधिकारी को भेजी गई थी। जिसमें पूछा गया था कि अगर सेना ने जमीन का भू अर्जन किया था तो इसके बदले में मुआवजा किन व्यक्तियों को दिया गया था।

**इन जमीनों को हथियाने में छवि रंजन बने मददगार**

- चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन।
- पुगडु के खाता संख्या 93, प्लाट नंबर 543, 544, 547 की 9.30 एकड़ जमीन
- सेना की सिरमटोली स्थित 5.83 एकड़ जमीन, यह जमीन वार्ड नंबर छह में मेसर्स प्लाट नंबर 908, 851 पी, 910 पी है।

**जमीन का पूरा फर्जीवाड़ा जानते थे अग्रवाल**

चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की डील 1948 के फर्जी डीड के जरिए की गई थी। विष्णु अग्रवाल को इस जमीन के फजीर्वाड़े की पूरी सच्चाई पता थी, बावजूद इसके प्रेम प्रकाश के साथ मिलकर उन्होंने इस जमीन को हथियाने की साजिश की। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि प्रेम प्रकाश व विष्णु अग्रवाल में अच्छे कारोबारी रिश्ते थे। दोनों अवैध तरीके से जमीन हथियाने में लगे थे। प्रेम के करीबी पुनीत भार्गव ने दो डीड के जरिए इस जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल को की थी।

# जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने जिले के पांकी थाना क्षेत्र के खपरमंडा गाँव से सक्रिय जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ बीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार जेजेएमपी नक्सली सुमन यादव नक्सली संगठन का एरिया कमांडर है। जो पिछले कई सालों से संगठन में सक्रिय है । गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस के द्वारा घर पर छापेमारी की गई। जहां पुलिस को देखकर वह भागने लगा। भागने के क्रम में पुलिस ने दौड़ा कर नक्सली सुमन यादव को पकड़ लिया। गिरफ्तार नक्सली की लेवी वसूलने और पुलिस मुठभेड़ में शामिल होने समेत अन्य मामलों में पलामू और लातेहार पुलिस को तलाश थी। इन जिलों के थाने में इसके खिलाफ कई केस दर्ज है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार टूटी ने मामले की जानकारी दी है।

**झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का तीसरे दिन**

# 11,988 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन ने 11,988 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया। साथ ही इस पर भाजपा विधायक अमर बाउरी के कटौती प्रस्ताव को निरस्त किया गया। इसके अलावा विनियोग विधेयक को भी सदन ने मंजूरी दे दी। अनुपूरक बजट पास करने के पूर्व अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान राज्य में आईएएस-आईपीएस के ट्रांसफर पोस्टिंग का मसला विधायक अमित यादव ने उठाया। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना सरकार का अधिकार है पर सरकार को पानी की भी चिंता करनी होगी। सुखाड़ की स्थिति राज्यभर में आ चुकी है। खेती और पीने को पानी नहीं है। सुखाड़ के बीच सरकार आईएएस-आईपीएस का ट्रांसफर तो कर रही है पर कई विभागों में जरूरत के बावजूद पोस्टिंग नहीं कर रही। कृषि निदेशक का और दूसरे पद खाली हैं। सरयू राय ने विभागों को अनुपूरक बजट के जरिये राशि उपलब्ध कराने के मसले पर कहा कि वित्त मंत्री को देखना चाहिए कि वास्तव में बजट के जरिये दी गयी राशि का क्या सदुपयोग हो रहा है। जिस मद में पैसा जा रहा है, उसका क्या उपयोग हो रहा। उसकी स्थिति क्या है। उन्होंने सदन से मांग करते शेष पृष्ठ 11 पर



# रेलगाड़ी के माध्यम से हो रहा प्रवासी श्रमिकों की अधिकार व कल्याण योजना का प्रचार-प्रसार

### मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेनों के जरिए किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेन के जनरल और स्लीपर बोगी के बाहरी और भीतरी हिस्से में श्रमिकों के अधिकार और उन्हें जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी साझा की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि प्रवासी मजदूरों के अधिकारों एवं उनके लिए बने योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार श्रमिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्रेन के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। इसके बाद से हटिया लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से आनंद विहार स्वर्णजयंती एक्सप्रेस, हटिया एसएमवीबी एक्सप्रेस, धनबाद एलेपी एक्सप्रेस और संबलपुर से जम्मूतवी एक्सप्रेस के जनरल और स्लीपर कोच में श्रमिकों के अधिकार और जागरूकता से संबंधित प्रचार - प्रसार पोस्टर के जरिए किया जा रहा है।

**श्रमिकों के लिए संवेदनशील रहे हैं मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का परिणाम है कि साढ़े तीन वर्ष में 11 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों की अपने घर सुरक्षित वापसी हुई। ये वापसी सिर्फ देश के विभिन्न राज्यों में फंसे श्रमिकों की ही नहीं, बल्कि विदेशों में फंसे कामगारों की भी हुई। यही नहीं ऐसे सभी श्रमिकों का बकाया पारिश्रमिक का भुगतान भी कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 27 मार्च, 2020 को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष का संचालन राज्य सरकार के श्रम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके द्वारा श्रमिकों शेष पृष्ठ 11 पर

**ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि**

मुख्यमंत्री के पहल पर ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ता में वृद्धि कर दी है। विभिन्न कैटेगरी के कामगारों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। राज्य सरकार ने ठेका मजदूर नियमावली 1972 के तहत ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों और देय मजदूरी का निर्धारण किया है।एक अप्रैल से असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी की दरों पर महंगाई भत्ता में वृद्धि करते हुए अकुशल श्रेणी के श्रमिकों का दैनिक मजदूरी 346 रुपये किया गया। साथ ही अकुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों के लिए मासिक मजदूरी 10,792 रुपये किया गया है।

# रेड़मा से गांजा व अफीम के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टीओपी -2के प्रभारी रुद्रानंद सरस के नेतृत्व में पुलिस ने रेड़मा काली मंदिर के पास एक जेनरल स्टोर की दुकान से अवैध गांजा एवं अफीम के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये युवकों में गौरी शंकर सिंह ऊर्फ छोटू सिंह, राहुल ऊर्फ रिशु सिंह एवं रिषभ राज ऊर्फ छोटू शामिल हैं। पुलिस ने इन तीनों के पास से 750 ग्राम गांजा और 24 पुड़िया करीब 10.66 ग्राम अफीम बरामद की हैं। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 8.30बजे प्रभारी श्री सरस को रेड़मा काली मंदिर के सामने माइनर एरिगेशन के कार्यालय के पास कुछ युवकों द्वारा मादक पदार्थ बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के तत्काल बाद श्री सरस शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री ने जन जागरुकता के लिए रवाना किया एलईडी प्रचार वाहन

### प्रचार वाहन से लोग पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यों से होंगे अवगत

### 40 फीसदी ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाया गया शुद्ध जल : मंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष और सरकार के मंत्रियों की मौजूदगी में झारखंड विधानसभा परिसर से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरुकता के लिए एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ को रवाना करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस एईडी वाहन की मॉनिटरिंग राज्य सरकार करेगी। साथ ही इस वाहन में आधी हिस्सेदारी केंद्र सरकार और आधा राज्य सरकार का होगा। एलईडी युक्त प्रचार वाहन का उद्देश्य स्थानीय जन समुदाय को जागरूक करना है। राज्य के प्रत्येक नागरिक को यह प्रचार वाहन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत करायेगा। मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल जल संयोजन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रति दिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने की दिशा में तत्परता से कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन अन्तर्गत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार का अंशदान 50-50 प्रतिशत है लेकिन योजनाओं की स्वीकृति, कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण के साथ-साथ रख-रखाव एवं संचालन राज्य सरकार के अधीन है यानी जल जीवन शेष पृष्ठ 11 पर

**सवाल** हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा-

# डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास को रोकने के लिए क्या कदम उठाये



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में डायन बिसाही को लेकर हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं को लेकर राज्य सरकार से पूछा है कि झारखंड में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास को रोकने एवं लोगों को जागरूक करने को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए हैं? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को निर्धारित की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य सरकार से नया शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। पिछली सुनवाई में मेंबर सेक्रेट्री, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट को जानकारी दी गई थी कि गुमला जिले में डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं सर्वाधिक होती है। ऐसे में जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को डायन बिसाही की रोकथाम को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मामले में एमिकस क्यूरी सुचित्रा पांडे ने पैरवी की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया था कि डायन बिसाही जैसी घटनाओं पर अंकुश के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

### प्रिंस खान के दो गुर्गे गिरफ्तार, 60 हजार नकदी बरामद

**धनबाद।** जिला पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के दो गुर्गे गुड्डु और अरमान आलम को गिरफ्तार किया है। आरा मोड़ ब्रिज के नीचे से पकड़े गये दोनों आरोपितों की उम्र महज 19 से 20 साल है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और 60 हजार नकदी भी बरामद किया है। पकड़े गए गुर्गे रंगदारी मांगना, आर्म्स उपलब्ध कराना, पैसे को ठिकाने लगाने समेत अन्य कार्यों में संलग्न थे। जब्त 60 हजार की राशि भी रंगदारी से वसूली गयी थी। डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने मंगलवार को बताया कि धनबाद पुलिस प्रिंस खान के गैंग को पूरी तरह से ध्वस्त कर उसे भी गिरफ्तार करेगी। धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के 50 से अधिक गुर्गों और उसके मददगारों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन प्रिंस खान लोगों को आतंकित भी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इंटरपोल ने झारखंड के धनबाद में वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

# नकली दवा पर नकेल लगाने के लिए क्यूआर कोड छापना अनिवार्य

### नकली दवा पर नकेल लगे या न लगे दाम 7 प्रतिशत बढ़ जाएगा

### क्यूआर कोड छपाई खर्च के नाम पर दवाओं के दाम 5 से 7 बढ़ा देंगी कंपनियां

**-आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** क्या सरकार के इस पहल से अब नकली दवा बेचने वाली कंपनियों व दुकानदारों पर नकेल लगाया जा सकेगा? कहना मुश्किल है, लेकिन उम्मीद पर ही तो दुनिया चल रही है। उसी में लोग ठगे भी जा रहे हैं। तो भाई , सरकार देश में बहुत समय से बिक रहीं और अब तो और भी तेजी से बढ़ने लगी नकली दवाओं की रोकथाम के बारे में सोचने लगी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने का आदेश जारी किया है। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 300 फार्मा कंपनियों को 1 अगस्त 2023 से क्यूआर कोड लगाने का आदेश दिया है। आदेश के अनुसार देश के टॉप 300 दवा ब्रांड को अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाना होगा। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया का आदेश नहीं मानने पर दवा कंपनी को जुमार्ना देना होगा।

**अब देखिए किन दवा पर लगेगा क्यूआर कोड? :** देश की टॉप फार्मा कंपनियां आज से अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाएंगे। एलिग्रा, शेलकाल, काल्पोल, डोलो और मेफ्टाल जैसी दवाएं इसमें शामिल हैं। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने बताया है कि जो भी कंपनी इस आदेश को पूरा नहीं करेगी उसे जुमार्ने के दायरे में रखा जाएगा। केंद्र सरकार ने कुल 300 दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने का आदेश दिया है।

**क्यूआर कोड से क्या होगा फायदा? :** क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राहक दवा से जुड़ी बुनियादी जानकारी हासिल कर सकते हैं। यूनिक प्रोडक्ट आइडेंटिफिकेशन कोड के द्वारा दवा का जेनेरिक नाम, ब्रांड का नाम, मैन्युफैक्करिंग का नाम, दवा की मैन्युफैक्करिंग तारीख के साथ-साथ उसकी एक्सपायरी डेट और दवा बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस नंबर भी पता चल जाएगा। देश में बढ़ते नकली दवा और इससे लूटते व मरते मरीजों की खबरें लगातार उजागर होने लगी हैं। सो बदनामी से बचने के लिए लजाते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके बारे में बीते वर्ष नवंबर 2022 में केंद्र सरकार ने बताया था कि वह दवाओं पर क्यूआर कोड लाने की प्रक्रिया में है। अब इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर बताया गया कि 1 अगस्त 2023 से देश की प्रमुख फार्मा कंपनी अपनी दवाओं पर शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### डांक बंगला परिसर में राजद प्रखंड व नगर कमेटी की संयुक्त बैठक

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के डाक बंगला परिसर में राजद प्रखंड और नगर कमेटी की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव व संचालन नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। इस क्रम में राजद पंचायत व बूथ कमेटी का गठन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,धीरेंद्र सिंह पप्पू,रूबी ऋषि व ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता उपस्थित थे।जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली एक मात्र पार्टी है।ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राजद गरीबों,दलितों और अकलियतों के दिलों में बसी हुई पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी की नीति सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करें,आने वाला समय राजद का है।

## आयुष्मान कार्ड बनना शुरू, बीडीओ ने दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है। जिसकी जानकारी आज प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार हेंब्रम ने दी है। बीडीओ ने कहा की आज कुल दस लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड बनाकर ऑन द स्पॉट वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित है। जिसमें लाभुक को किसी भी बड़ी बीमारी होने पर इस कार्ड के माध्यम से पांच लाख राशि तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त होती है। बीडीओ ने कहा लाभुक प्रखंड परिसर में सप्ताह में मंगलवार और शुक्रवार को आकार अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर इसका लाभ ले सकते है। मौके पर ऑपरेटर राजन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



## बिजली समस्या को ले जीएम से मिले समाजसेवी राजीव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के समाजिक कार्यकर्ता सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पलामू विद्युत महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर महाप्रबंधक से मुलाकात कर निदान की मांग की। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने एक आवेदन देकर उक्त प्रखंड क्षेत्र में 23 से 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराने, दोनों प्रखंडों में 14 मेगावाट बिजली देने, हरिहरगंज सब स्टेशन में 10 एमवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने तथा हरिहरगंज शहरी क्षेत्र का जर्जर पोल व तारों को शीघ्र बदलने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुनने बाद महाप्रबंधक द्वारा आश्वासन दिया गया कि 2 से 3 दिनों में हरिहरगंज तथा पिपरा को पर्याप्त बिजली मिलने लगेगी। प्रतिनिधि मंडल में सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, शंभू यादव, गुड्डू मेहता, रंजन पासवान आदि शामिल थे।



## बसपा की बैठक में बूथ कमिटी को मजबूत करने की जरुरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** बसपा कार्यालय में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा के वरिष्ठ नेता बीरेंद्र राम ने की। संचालन प्रदीप कुमार मेहता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूरे विधान सभा में बसपा बहुजन यात्रा शूरू कर समाज को जोड़ने व पार्टी का जनाधार बढ़ने की जरुरत है। साथ ही हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में बने 35सेक्टरों को बांट कर बूथ कमिटी गठन करने की बात कही। बैठक में बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि हुसैनाबाद विधान सभा की समस्याओं को लेकर बसपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। बैठक में पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनीत अंबेडकर, प्रदेश सचिव नुरुल खान, पारिखा राम, दशरथ मेहता, मुकेश कुमार रवि, प्रमोद राम, कृष्णा राम, मुकेश कुमार रवि, श्रवण राम, सुरेंद्र राम डॉ किरण राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिला पार्षद की मुख्यमंत्री से पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग

# अनावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर,धान के बिचड़े सूखे, भदई फसल भी बर्बाद

**इस वर्ष तो सामान्य से भी बहुत कम हुई है वर्षा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** अनावृष्टि के कारण विश्रामपुर,पांडू, उंटारी,पांडू प्रखंड सहित पूरे पलामू जिला में अकाल की स्थित उत्पन्न हो गई है। धान के बिचड़े सुख चुके हैं,भदई फसल भी बर्बाद हो चुकी है। पिछले वर्ष भी मानसून ने यहां के किसानों के साथ दगाबाजी की थी। जिसके कारण किसी भी फसल की उपज यहां नहीं हो पायी थी। इस वर्ष तो सामान्य से भी बहुत कम वर्षा हुई है।इधर बिजली की आंख मिचौली किसानों को दोहरी मार झेलने को विवश कर दी है। अगर बिजली की नियमित आपूर्ति मिलती तो किसान धान के बिचड़े का पटवन कर बचाने का प्रयास करते। ताकि दस पंद्रह दिनों के अंदर अच्छी बारिश हो जाती तो रोपनी शुरू कर सकते थे। लेकिन बिजली विभाग ने भी किसानों की व्यथा को नही समझा। मानसून और बिजली विभाग के इस बेरुखी से यहां के किसानों की कमर टूट चुकी है। हालत यह है कि यहां के किसान खेती बाड़ी का काम छोड़कर अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने हेतु पलायन कर रहे हैं। इसी बीच वरीय भाजपा नेता सह उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। श्री सिंह ने पत्र के माध्यम से यहां के किसानों की पीड़ा से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार तत्काल सर्वे कराकर पलामू में राहत कार्य शुरू करे। यहां के किसानों के लिए राहत का कोई विशेष पैकेज जारी करे। किसानों को अपने प्रखंड में ही रोजगार भी मुहैया कराए ताकि उनका पलायन रुक सके।

### आजसू नेता स्व. कमल किशोर भगत कि मनाई गई जयंती

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार के आवसीय कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व.कमल किशोर भगत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय आजसू नेताओं ने स्व. भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हें याद करते हुए नेताओं ने कहा कि लोहरदगा जिला के जिंगी गांव में जन्मे कमल किशोर उर्फ बबलू दा ने अलग झारखण्ड राज्य के आन्दोलन मे अमिट छाप छोड़ी।। केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि कमल किशोर भगत ने झारखंडी जनता के शोषण,जुल्म,अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ अलग झारखण्ड राज्य की लडाई मे अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन अलग राज्य का सपना आज भी अधुरा है। उन्होंने कहा कि राज्य के नवनिर्माण का आन्दोलन तेज कर ही झारखण्डी अवाम के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। बेरोजगारों को रोजगार, बेहतर शिक्षा, बेहतर चिकित्सा और बेहतर आवास की व्यवस्था की जा सकती है।

## किसानों को नहीं मिल रहा है केसीसी ऋण का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरकार एवं प्रशासन के लगातार निर्देश के बाद भी अभी तक केसीसी ऋण का किसी भी किसान को लाभ नहीं दिया गया। जबकि चालू खरीफ फसल के मौसम में किसानों को भारी भरकम खर्च जुटाने की जरूरत पड़ती है। बैंकों के द्वारा किसान क्रेडिट ऋण नहीं दिए जाने पर किसानों के द्वारा महाजनों से महंगे ब्याज पर कर्ज लेकर खेती बारी का काम करना पड़ा। प्रभारी कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि प्रखंड में अभी 300 किसानों का फार्म जमा किया गया है। 1900 का अभी भरने की प्रक्रिया में हैं। आने के बाद विभिन्न बैंकों में भेजा जाएगा। इसमें पीएम किसान लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर फार्म भरा जा रहा है। पूर्व में चार हजार किसानों को ऋण दिया गया है। अभी 50 किसानों का आवेदन पत्र प्रखंड कार्यालय से अग्रसारित कर बैंकों में भेजा जा चुका है। उधर किसान श्रवण, कन्हाई,राजेन्द्र मेहता का कहना है कि दो साल से केसीसी ऋण के लिए दौड़ रहे है। परंतु बैंक के द्वारा यह कहकर नहीं किया जा रहा है कि उपर से आदेश नहीं है। इस बाबत पूछे जाने पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक निरंजन कुमार ने बताया कि अभी वे बाहर हैं। आने के बाद स्वीकृत कर दिया जाएगा। कुछ ऐसे भी ऋण धारक हैं,जो पहले पति को लोन मिला है, तो पत्नी के नाम से फॉर्म भर दिया गया है।

### रोजगार शिविर का आयोजन

## सैकड़ो युवा हुए शामिल दर्जनों युवा हुए सलेक्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला तुलसीदास महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में मंगलवार को विशेष रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे व महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें शिविर लगाकर छात्रों को रोजगार मुहैया कराया गया। इस विशेष शिविर का आयोजन एसआईएस बेलचांपा के द्वारा किया गया। जिसमें एसआईएस बेलचांपा से आए रनर राजेश गुप्ता और उनके सहयोगी सभी छात्र छात्राओं को भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तद्पश्चात सैकड़ों छात्रों ने अपना निबंधन महाविद्यालय में करवाया। निबंधन के बाद भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई। जिसमें बच्चों को न्यूनतम गार्ड के लिए मैट्रिक पास, सुपरवाइजर के लिए इंटर पास, योग्यता अनिवार्य थी। इसके बाद लंबाई चौड़ाई सीना वजन इत्यादि का जांच की गई। जिसमें लगभग 5 दर्जन छात्रों को सलेक्शन किया गया। सभी छात्रों को महाविद्यालय में ही नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही सभी छात्रों के कागजात की जांच 1 सप्ताह के अंदर बेलचांपा में की जाएगी। जांच के उपरांत सभी को सीधे भर्ती दी जाएगी। शिविर में महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार व नामधारी कॉलेज गढ़वा के विनोद पाठक सहित, महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, प्रोफेसर कृष्ण कुमार चौबे, डॉ श्याम मिश्रा, रंजन दुबे, राकेश शुक्ला, रामजी चौबे, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी,आशा कुमारी, के अलावा देव प्रकाश पांडे, अमित कुमार, आशीष पांडे, दिलीप चौबे, जितेंद्र पाठक, रामेश्वर राम, राधिका रमन,संजय पांडे सहित सैकड़ों छात्र व छात्राओं कि मौजूदगी रहीं।

### उपायुक्त ने जेएसएलपीएस संचालित योजनाओं की समीक्षा की

## जेएसएलपीएस के कार्यों से डीसी ने जताया असंतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को एनआईसी सभागार में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन, जोहार परियोजना, दीदीबाड़ी, बंधन विकास केंद्र, डीडीयू-जेकेवाई जैसी योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं में शिथिलता को देखते हुए असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं, इसके लिए पूरी लगन के साथ कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोहार परियोजना में बने एफपीसी को धान खरीद बिक्री जैसे अन्य कार्य में शामिल करने, बिरसा हरित ग्राम योजना, बंधन विकास कार्यक्रम, जॉब एंड स्किल में प्रगति लाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने सुखाड़ को देखते हुए सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधको को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में आजीविका की गतिविधियों को बढ़ाएं। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## पलामू के नये सिविल सर्जन के रूप में डॉ अनिल ने किया प्रभार ग्रहण

**मेदिनीनगर।** पलामू के नये सिविल सर्जन के रूप में डॉ अनिल कुमार ने मंगलवार को प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार से प्रभार ग्रहण किया। डॉ अनील कुमार इसके पूर्व में 13.6.2021 से 31.7.2022 तक पलामू में सिविल सर्जन के रूप में कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे गढ़वा जिला में सिविल सर्जन के रूप में पदस्थापित थे। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि पलामू में स्वास्थ्य सुविधा दुरूस्त करने की उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सचांलित कार्यक्रम और योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने पर जोर दिया जाएगा। ताकि पलामू के लोग स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं से लाभांवित हो सकें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के ई0 प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं0–DWSD/LTR/HYDT-07/23-24(3rd Call) दिनांक –24.07.2023 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No- 303132 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D) से प्रकाशित है, जिसे तकनीकी कारणो से निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

- Date of Tender uploading in Website- 03.08.2023 at 04:00PM
- Last Date of Submission of Bid-10.08.2023 at 05:00 PM
- Last Date of Submission Cost of-
  BOQ and EMD (Hard Copy) - 11.08.2023
  1. E.E, DW & S. Division, Latehar
- Date of Opening Tender - 12.08.2023

निविदा सूचना की शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार।

PR.NO.303724 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन प्रखण्ड बैंकर्स समिति की बैठक बीडीओ मनोज तिवारी के अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक सहित प्रखण्ड क्षेत्र के एसबीआई एवं झारखण्ड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में केसीसी, स्वयं सहायता महिला समूहों, मुद्रा लोन, बैंकिंग की रेशियो पर चर्चा की गयी। बैठक में एलडीएम ने बताया की विभिन्न बैंको में पीएम किसान सम्मान योजनाओ के लाभार्थियों के 6381 आवेदन प्राप्त हुये है। जिसे शत प्रतिशत केसीसी लोन देने का लक्ष्य है। बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि गत वितीय वर्ष में प्रखण्ड में शिविर लगाकर केसीसी के 21 सौ से अधिक आवेदनों को विभिन्न बैंको में भेजा गया था, लेकिन बैंक की उदासीनता के कारण अधिकांश आवेदनों को बिना त्रुटि बताये वापस लौटा दिया गया है। इन्होंने कहा की बैंक प्रबंधक सवेदनशील बनकर किसानों, स्वयं सहायता समूहों, पशुपालकों, एवं कमजोर वर्ग को लोन देने दे। ताकि लोग स्वरोजगार कर स्वावलम्बी बन सकें। पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर किसानों, पशुपालकों एवं लघु उद्यमियों को ऋण एवं केंद्र /राज्य सरकार की बैंकिंग के माध्यम से दी जाने वाली योजनाओ की जानकारी दें। बैठक में वितीय वर्ष 2023-24 का एनआरएलएम लिंकेज, , छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभ के भुगतान हेतु खाता खोलने का निर्देश बीडीओ ने दिया। बैठक में झारखण्ड राज्य कृषि ऋण माफी योजना के तहत किसानों को केसीसी खाता का आधार से केवाईसी करने, तथा बैंक के तहत दी जाने वाली अन्य सुविधाओं की चर्चा की गयी। ऋण के लिये केसीसी आवेदनों की एक मई 23 से तीन मार्च 2024 तक विस्तारित समयसीमा है। हालांकि बैठक में मत्स्य, पशुपालन, स्वयं सहायता समूहों, कृषि, ,राजश्व आदि विभाग के कोई प्रतिनिधि उपस्थित नही थे।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमिटी की विस्तार

**पाटन।** खरौंधा गांव में आगामी दुर्गा पूजा मनाने एवं गांव स्तर पर सामाजिक कार्यो की क्रियान्वयन कराने हेतु पूर्व बनी जय माँ भवानी क्लब के नये सिरे से पुनर्गठन एवं विस्तार किया गया। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के उपस्थिति में कमिटी की पुनर्गठन किया गया। विस्तारित एवं पुनर्गठित जय माँ भवानी क्लब के सरक्षक सुरेंद्र सिंह को बनाया गया जबकि क्लब के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष- अनिल सिंह, सचिव नीरज सिंह, उपसचिव -प्रकाश पासवान, कोषाध्यक्ष- अरबिंद पासवान, बच्चन कुमार बनाये गये। क्लब के संचालन के लिये 14 अन्य लोगो को कार्यकारिणी के सदस्य बनाया गया है।

आस्था

### सुरक्षित वाहन से दर्जनों

## कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सावन माह में कांवरियों का देवघर जाने का क्रम जारी है। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द मोहल्ला से सुरक्षित वाहन द्वारा मंगलवार को एक दर्जन से अधिक कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इन्हें राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने रवाना किया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि बाबा की नगरी में जाने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कांवरियों से क्षेत्र में अमन चैन के लिए दुआ मांगने को कहा। इस मौके पर छोटू कुमार, काजू कुमार, पप्पू पासवान, मुकेश कुमार, शंकर चौधरी, शंकर पासवान, शशि कुमार, रविंद्र चौधरी, प्रदीप चौधरी, अजीत चौधरी, वीरेंद्र प्रजापति तथा सुरेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।



## समय के बेहद पाबंद थे पीडीजे प्रदीप : संतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तत्कालीन प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की पलामू जिला में उस वक्त पदस्थापना की गई थी जब जिले के अधिवक्ता 15 फरवरी 2020 से न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रहे थे। कोरोना महामारी भी चरम सीमा पर था।जिले के अधिवक्ता, प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सहित सभी कोर्ट का कार्य बहिष्कार जारी रखे थे। इसी बीच माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जज व अधिवक्ताओ के बीच उत्पन्न खाई को पाटने के लिए एक तेज तर्रार न्यायिक अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे को पलामू का प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के रूप में पदस्थापित किया गया।प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के रूप में तीन जून 2020 को पदभार सम्भालते ही श्री चौबे ने अपनी कार्य कुशलता से बहुत कम समय मे अधिवक्ताओं का दिल जीत लिया।कोरोना काल मे भी पूरी निष्ठा व लगन से कार्य कर लम्बित पड़े जमानत के सौकड़ों मामलों का निस्तारण ही नही किया बल्कि बहुत लोगो को राहत भी प्रदान किया। ई कोर्ट सिस्टम से कोर्ट का कार्य बराबर चलता रहा।बिदित हो कि प्रातः कालीन कोर्ट में 7 :30 बजे व दिवाकालीन कोर्ट में 11:15 बजे तक बेल मेटर का सुनवाई कर लेना इनके दैनिक कार्यों में शामिल हो चूका था।

**कार्यालय : जिला परिषद,चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**–: शुद्धि पत्र :–**

इस कार्यालय के पत्रांक 798 / जि0प0, दिनांक 10.07.2023 द्वारा चतरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य के लिए आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–15 / 23–24 (PR No. 302023 District (23-24) # D) से प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.08.2023 से 10.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –12.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,चतरा

PR 303709 District(23-24).D

## पति ने पत्नी को पीटकर किया गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के खाखर टोला निवासी प्रमोद भुइयां अपनी पत्नी चंपा देवी को लोटा से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पड़वा थाना क्षेत्र के खाखर टोला निवासी प्रमोद भुइयां मंगलवार की दोपहर 3:00 बजे अपना काम करके अपने घर पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर पति और पत्नी में झगड़ा होने लगा। झगड़ा होने के पश्चात प्रमोद भुइयां अपनी पत्नी को लोटा से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार साह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नकुल कुमार साह घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

## जमीन विवाद मारपीट में पांच लोग घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कचरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो सदस्यों के बीच हुई मारपीट में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार मेहता, कमलेश महतो, मनीष कुमार,सुदर्शन मेहता, उर्मिला देवी सभी ग्राम कचरा आदि का नाम शामिल है।

## तस्वीर झूठ न बोले



छाया- भोला

**अजीब है ये जिंदगानी, कोई सोंच रहा है मकान का ऊपरी तल्ला कब बनाना है... कोई सोंच रहा है बरसात आ गई अब कहा सिर छुपाना है।**

## NEWS इन ब्रीफ

### गैस सिलेंडर विस्फोट हादसे में घायल की मौत



**हरिहरगंज।** रांची के देवकमल हॉस्पिटल में इलाजरत गैस सिलेंडर विस्फोट हादसे में घायल अख्तर हुसैन की भी मौत मंगलवार की सुबह हो गयी। हादसे में दूसरी मौत के बाद क्षेत्र में और भी गमगीन हो गया। मृतक अख्तर हुसैन (40) हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद समीप निवासी अकबर हुसैन के पुत्र थे। इस घटना से मृतक के पत्नी और उनके चार बच्चों सहित माता पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं मोहल्ले में शोक की लहर है। घटना से सभी मोहल्लेवासी मर्माहत है। ज्ञात हो कि बीते 24 जुलाई को आजम रिजवी के घर में रसोई गैस सिलेंडर विस्फोट के दौरान 10 लोग बुरी तरह से घायल हो गए थें। घायलों में तीन लोगों का इलाज पटना और पांच लोगों का इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जिसमे गत 31 जुलाई को मोहनलाल (45) की मौत पहले ही हो चुकी है। जबकि दो और घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुयी है।

### नामांकन को लेकर रैली निकाल किया जागरूक

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला द्वितीय के बच्चों ने मंगलवार की नामांकन जागरूकता रैली निकाली। पुस्तकालयाध्यक्ष आशमुनी प्रसाद व पीजीटी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में इसकी शुरूआत विद्यालय परिसर से की गयी। जो मेहदीनगर, सैदाबाद, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार रोड, छतरपुर रोड आदि मुख्य पथों का भ्रमण करते हुए सत्र- 2023-24 में वर्ग छह में नामांकन के लिये लोगों को जागरूक की। लोगों को बताया गया कि उक्त वर्ग में नामांकन दाखिल के लिये प्रवेश परीक्षा का आवेदन भरने की प्रक्रिया जारी है। सरकारी स्कूलों में वर्ग 5 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ससमय ऑनलाइन फार्म भरना है।

## अज्ञात घायल को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में घायलाअवस्था में पड़ा हुआ था। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार साहित्य समाज चौक पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाये। जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते चलें कि घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाने में पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रहती है। जिसकी वजह से आए दिन लावारिस पड़े लोगों की जान बच जाती है।

### समाहरणालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन

# डीसी ने जनता की सुनी समस्या समाधान का दिया निर्देश

**ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पूर्व उपायुक्त के कार्यक्रमों को जारी रखते हुए नये उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी बेबी देवी, रूबी देवी,सबिता देवी, मीना देवी, नीलम देवी, सुषमा देवी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र की चंचला कुमारी और रीता कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया। तरहसी थाना के बिनोद कुमार सिंह ने उपायुक्त से प्रखण्ड में एफपीओ के गठन में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच कराने की मांग की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## विहिप ने 'भागवत' देकर उपायुक्त का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद पलामू के एक प्रतिनिधि मंडल ने नए उपायुक्त शशि रंजन से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर उन्हें श्री मद भगवत गीता की एक प्रति भेंट कर उनका जिले में स्वागत किया। स्वागत करते हुए प्रतिनिधि मंडल ने उनके कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। प्रतिनिधि मंडल में पलामू विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र सह मंत्री अमित तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख अंकित गुप्ता, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकाश कुमार कश्यप, नगर बजरंग दल संयोजक आकाश कुमार, सह संयोजक दिलीप गिरी, बजरंगी प्रकाश विश्वकर्मा, इत्यादि की सहभागिता रही।

## डीईओ से मिला उर्दू शिक्षक प्रतिनिधि मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड उर्दू प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू से मिलकर सरप्लस टीचर ट्रांसफर की त्रुटियों के सुधार की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि जिले के किसी भी विद्यालय में उर्दू शिक्षक सरप्लस नहीं हैं। उर्दू शिक्षकों को सामान्य शिक्षकों के साथ ही सरप्लस बताकर स्थानांतरण करना न्यायोचित नहीं है। जिले के विभिन्न विद्यालयों में उर्दू भाषी छात्र-छात्राओं के लिए केवल एक ही उर्दू शिक्षक की पोस्टिंग की गई है। इनका स्थानांतरण होने पर जिले के हजारों उर्दू भाषी छात्र- छात्राएं उर्दू सीखने से वंचित रह जाएंगे। यही नहीं इस प्रकार उर्दू स्वीकृत बल भी विद्यालय से समाप्त हो जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि जिले में कुल 74 उर्दू शिक्षक कार्यरत हैं जबकि 34 उर्दू शिक्षकों को स्तरप्लस बता दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू से वार्ता में सहानुभूति पूर्वक विचार कर सरप्लस उर्दू शिक्षकों की त्रुटि में सुधार करने की मांग की। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू ने उर्दू शिक्षकों के साथ सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष फैयाज अहमद, कोषाध्यक्ष मो.मुनव्वर हुसैन अंसारी आदि शामिल थे।

## ईको क्लब के बच्चों ने लगाये फूल के पौधे

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के ईको क्लब के बच्चों ने स्कूल परिसर में फूल के पौधे लगाये। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि बहुप्रतीक्षित बारिश की हल्की फुहार से प्रफुल्लित बच्चों ने फूल के पौधे लगाये। इस बार मौसम की बेरूखी चिंतित करने वाली है। पर किसी भी परिस्थिति में खुशी ढूंढ लेने वाले बच्चों ने अपने घर से फूल के पौधे लाकर स्कूल के फूलवारी को समृद्ध किया। छात्रा कली, पूजा, संध्या, नंदनी, वैष्णवी,प्राची, सोनाली, नैंसी, निशा,माला, छात्र शांतनु व पंचम ने फूल के पौधे लगाये।

### बीमारी से महिला की मौत

## दाह संस्कार के लिए समाजसेवी ने की मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** युवा समाजसेवी संजय बैठा ने दाह संस्कार हेतु लकड़ी उपल्ब्ध कराते हुए कुछ आर्थिक मदद भी की है। उलेखनीय है कि विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 12 झगरुआ गांव निवासी बलिया कुंवर (70) की आज मौत हो गयी। मौत की खबर मिलने पर समाजसेवी संजय बैठा ने मृतक के घर जाकर परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं ग्रामीणों ने दाह-संस्कार हेतु लकड़ी की मांग श्री बैठा से की। जिसके बाद संजय बैठा ने अपने निजी खर्च से परिजनों को लकड़ी दिया और कुछ आर्थिक मदद भी की। जिसके बाद मृतक का दाह-संस्कार हुआ। श्री बैठा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से मन को शान्ति मिलती है। मौके पर उपेंद्र राम, सुनील राम, भरत राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## रेड क्रॉस का प्रतिनिधि मंडल मिला डीसी से




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू प्रमंडल के एक्सक्यूटिव एवं सक्रिय सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार की शाम उपायुक्त सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष से मिला और उन्हें सोसायटी के कार्यों की जानकारी दी। मुख्य परियोजना पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह डिंपल ने उपायुक्त को रेड क्रॉस की पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए सेवा कार्यों में विस्तार की जरूरत बताई। बताया कि पहले रेड क्रॉस के पास ब्लड बैंक, आरोग्य सदन , डीडीआरसी, एक्स-रे केंद्र एवं ईसीजी सेंटर थे, किन्तु अब मेडिकल कॉलेज बनने के बाद रेडक्रॉस से आरोग्य सदन, डीडीआरसी एवं ब्लड बैंक के संचालन का हस्तांतरण करा लिया गया है। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सदस्यों की बात सुनी और बताया कि रेड क्रॉस के सेवा कार्य हर जिले में अव्वल है, और उनका प्रयास रहेगा कि उनकी देखरेख में पलामू में भी रेड क्रॉस बेहतर से बेहतरीन काम कर सके। उन्होंने प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार को रेड क्रॉस के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने एवं संस्था की बेहतरी के लिया विचार प्राप्त कर मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया। कुछ सदस्यों अनुरोध किया कि रेड क्रॉस का चुनाव विगत कुछ वर्षों से टाला जा रहा है। लोकतांत्रिक मयार्दा के अनुसार चुनाव आवश्यक है। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि यह सारी बातों को रवि कुमार देख लेंगे और जल्द ही इन पर विचार करने के लिए हम बैठक करेंगे । प्रतिनिधिमंडल में निलेश अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, रिंकू दुबे, राकेश सोनी , अमिताभ कुमार मिश्रा, पंकज जायसवाल, सुधांशु पाठक, रोहित जैन , संजय अग्रवाल, जितेंद्र कुमार एवं प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

**ध्यानार्थ** | उत्तरी भाग में बाउंड्री वॉल नहीं होने से दिनदहाड़े चोरी

# पोखराहा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में अराजकता का आलम

**प्राचार्य कामेंद्र की एक सप्ताह बाद नींद खुली, कैसे होगा इलाज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कामेंद्र प्रसाद ने मंगलवार को अर्थात एक सप्ताह बाद प्रेस को बताया कि मेडिकल कालेज में चोरी हुई है। चोरी 24 जुलाई को दिन के समय हुई है। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने कॉलेज के उत्तरी दिशा में अवस्थित सोलर बैट्री की चोरी कर ली। कॉलेज के उत्तरी भाग में बाउंड्री वॉल नहीं होने से यह दिनदहाड़े चोरी का मामला हो गया। इस बाबत प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना देने की कोशिश की। जो मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सदर थाना के अंतर्गत आता है । सदर थाना के प्रभारी गौतम कुमार ने इस बाबत बताया कि एक आवेदन इस चोरी की बाबत कोई व्यक्ति लेकर आया था। जिसमें किसी भी शिकायत कर्ता का नाम, पिता का नाम, स्थानीय पता जैसी आवश्यक जानकारी नहीं थी। इन्हीं कारणों से शिकायत दर्ज नहीं की गई। लेकिन जो व्यक्ति आधा अधूरा शिकायत लेकर आया था उसे स्पष्ट रूप से कहा गया था वे सभी जरूरी सूचनाएं लेकर आये। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि अगर पूरी सूचनाओं के साथ आवेदन दिया गया होता तो कार्रवाई अवश्य होती। सूत्रों के अनुसार इस मेडिकल कॉलेज के बगल में स्टेट बैंक की शाखा है। यहां जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में रंग पुताई का काम चल रहा था। अज्ञात व्यक्ति जिसने यह चोरी की होगी उसने रंग पुताई में लगी सीढ़ी का उपयोग जरूर किया होगा। अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन सरकार से यह मांग कर रहा है कि मेडिकल कॉलेज की चहारदीवारी का निर्माण शीघ्र कराये। ताकि चोरी जैसी घटना पर रोक लग सके। यह मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज डालटेनगंज शहर से 7 किलोमीटर की दूरी पर है। इस मेडिकल कॉलेज में इस समय 300 छात्र-छात्राएं,जूनियर रेजीडेंट , सीनियर रेजिडेंट, ट्यूटर, प्राध्यापक रहते हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुछ होमगार्ड जवान की तैनाती भी की गई है। पर इस कॉलेज के बड़ा क्षेत्रफल होने के कारण हर कोना और हर दिशा में पूरी चौकसी बरतने में दिक्कत आ रही है।

## पांकी प्रेस क्लब का किया गठन, मुकेश बने अध्यक्ष

**पांकी।** प्रखंड के आंचलिक पत्रकारों की बैठक मंगलवार को रांची रोड स्थित माही रेस्टोरेंट मे संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता पांकी के वरिष्ठ पत्रकार शिव शंकर पासवान ने की। इसमें प्रखंड स्तरीय संघ का गठन किया गया। पांकी प्रेस क्लब के नाम से यह संघ जनहित के मुद्दों पर कार्य करेगा। सभी पत्रकारों की सर्वसम्मति से मुकेश कुमार कश्यप को अध्यक्ष एवं शिव शंकर पासवान को पांकी प्रेस क्लब का संरक्षक मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक में शाहिद आलम व पिंटू सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही नंदन कुमार को सचिव, अमित कुमार शर्मा को सहसचिव, रविन्द्र कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही अमलेश ठाकुर, अखिलेश ठाकुर, सतीश कुमार, महबूब आलम, संजीव कुमार प्रजापति पांकी प्रेस क्लब के सदस्य मनोनीत किये गये। नवचयनित पांकी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा की पांकी के पत्रकारों ने हम पर विश्वास जताया है, यह काफी सराहनीय है। पत्रकारों के हितों को ध्यान मे रखते हुए कार्य करेंगे।

## मिशन इंद्रधनुष का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक सह मिशन इन्द्रधनुष एमडीए/आईडीए के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मासिक बैठक में महिला पर्यवेक्षिका नीलम कुमारी, किरण कुमारी व प्रखंड परियोजना सहायक (पोषणट्रैकर) राकेश कुमार ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर व एक अगस्त से सात अगस्त तक चलने वाले स्तन पान सप्ताह के अंतर्गत होने वाली कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से एमटीएस धीरेंद्र कुमार ने फलेरिया उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक अभियान चलाकर एमडीएआईडीए की गोली खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया । उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य व्यक्ति को मच्छर काटने के 5 से 7 साल के बाद फलेरिया का लक्षण दिखाई देता है। स्वस्थ व्यक्ति को भी यह दवा खाना अनिवार्य है। यह दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को नहीं देनी है। अंत में नगर पंचायत क्षेत्र के रामबीघा आगनबाड़ी केन्द्र की सेविका रामसखी मिश्रा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रश्मि देवी, माधुरी देवी, अम्बिया प्रवीण, शारदा कुंवर, कमला देवी, दमयन्ती देवी, रमावती देवी, चन्द्रावती देवी, ललिता देवी, शम्मा अंजुम, प्रमिला सिंह व सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं उपस्थित रही।

### एमपीडब्लू-सीएचओ के भरोसे संचालित हो रहा सीएचसी

# भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था भगवान भरोसे

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
एक ओर राज्य सरकार अंतिम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुचाने का दम भर्ती है तो वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा भारी मात्रा में किए गए चिकित्सक के तबादलों के बाद भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन हो गया है। यहां से प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार एवं महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी को तबादला कर दिया गया। ऐसे में भवनाथपुर, केतार, खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के ढाई लाख आबादी की चिकित्सा व्यवस्था भगवान भरोसे हो गयी है। जानते चलें कि भवनाथपुर केतार, खरौंधी का एक मात्र स्वास्थ्य सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल संचालित हो रहा है। इसमें डॉक्टर के सात पद स्वीकृत है लेकिन हैरानी इस बात की है कि स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सा प्रभारी और एकमात्र एम बीबी एस महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी का तबादला सरकार द्वारा कर दिया गया। उसके स्थान पर एक भी चिकित्सक




की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई, जिस कारण अस्पताल में कोई भी सरकारी डॉक्टर नहीं है। अब स्वास्थ्य केंद्र एमपीडब्लू और सीएचओ के भरोसे संचालित हो रहा, जबकि इससे दो साल पूर्व कोरोनाकाल में जिले के पदाधिकारियों की मेहरबानी से अस्पताल में तैनात एम बीबीएस महिला चिकित्सक अनुपमा कुमारी की प्रतिनियोजन अनुमंडलीय अस्पताल नगर उटारी में कर दिया गया। जबकि दंत महिला चिकित्सक स्नेहलता कुमारी और आयुष चिकित्सक जे पी ठाकुर का प्रतिनियोजन सदर अस्पताल गढ़वा कर दिया गया है। आज भी इन सभी चिकित्सको का बेतन भवनाथपुर अस्पताल से ही प्रतिमाह बनता है।

**क्या कहते हैं विधायक शाही :** इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर के साथ छल किया गया है। इससे पता चलता है कि सरकार की क्या मानसिकता है। जनता को असहाय छोड़ दिया है।

### पंसस ने सीएचसी प्रभारी की पदस्थापन की मांग की

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने झारखण्ड के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में स्थाई चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन कराने की मांग की है। अपने पत्र में पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने लिखा है कि लगभग पांच वर्ष से दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक को प्रभार दे कर किसी तरह तीन प्रखण्ड केतार, खरोंधी, भवनाथपुर प्रखण्ड के जनता के इलाज के लिए एक मात्र भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कराया जा रहा था। पंचायत समिति सदस्य चंदन ने तीनों प्रखंड के लाखों जनता के स्वास्थ सुविधा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भवनाथपुर में स्थायी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति जल्द करवाने की मांग की है।

# स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक कराने का निर्देश

### बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी के साथ उनके विभागों द्वारा संचालित योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में नगर पंचायत के नगर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि दुकानों के संचालन हेतु फूड लाइसेंस सीएस के कार्यालय से निर्गत होता है। नगर पंचायत कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि सब्जी बाजार में प्रतिदिन सफाई होती है। सफाई हेतु तीन ट्रैक्टर उपलब्ध हैं। अध्यक्ष चौबे ने निर्देश देते हुये कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक करा कर चालू कराया जाये। नगर प्रबंधक ने कहा कि मॉडलर शौचालय है जो कि पानी के अभाव में बंद है।



अध्यक्ष ने बरसात के मौसम को देखते हुए फागिंग मशीन से स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर मच्छरों को भगाने हेतु फागिंग कराने का निर्देश दिया। सांसद प्रतिनिधि ने सभी केसीसी ऋण धारकों को शत प्रतिशत डेबिट कार्ड देना सुनिश्चित करने, सभी बैंक को उनके द्वारा संचालित सीएसपी की सूची विवरण सहित शनिवार तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि आवास के लाभुकों का राशि केसीसी लोन में नहीं काटेंगे। बैठक में निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में सभी विद्यालयों के शिक्षक, सरस्वती वाहिनी के अध्यक्ष, सचिव सेविका, सहिया आदि उपस्थित रहेंगे। इसके लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अपना कार्यालय प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा की समीक्षा करते हुए कुछ पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने की शिकायत की गई, जिसकी जांच के लिये एक जांच दल का गठन करने का निर्णय लिया गया। जांच दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, 20 सूत्री सदस्य इकबाल खान, कनिया अभियंता तथा सहायक अभियंता रहेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रम विभाग को पत्र लिखकर मजदूरी भुगतान में अनियमितता की शिकायत की जांच कराई जायेगी। पंचायत सचिव के पदस्थापन हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी गढ़वा को पत्राचार किया जायेगा। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, 20 सूत्री सदस्य दिनेश राम, अशफाक अंसारी, इकबाल खान, मधु मिंज, शांति देवी, शिव कुमार यादव सहित सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# झामुमो सरकार में चरम पर हैं भ्रष्टाचार : भाजयुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झारखंड में नियोजन नीति, स्थानीय नीति, सीटेट लचर कानून व्यवस्था, बिजली कटौती, आयुष्मान भारत योजना, किसानों की समस्या जैसे अनेकों मुद्दों को लेकर भाजयुमो द्वारा जिला मुख्यालय पर 2 अगस्त को मशाल जुलूस एवं 3 अगस्त को जिला मुख्यालय पर महाधरना का विशाल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। गढ़वा जिले में बिजली कटौती लगातार जारी है। आयुष्मान भारत योजना वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन है। हेमंत सरकार में नियोजन नीति नहीं सका है। पांच लाख युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आने वाली झामुमो सरकार युवाओं को ही छलने में लगा




हुआ है। गढ़वा जिला सहित पुरे झारखंड में रोजगार के लिए युवा त्राहिमाम कर रहा है। झामुमो मंत्री विधायक सिर्फ जनता को धोखा देने में लगे हुए हैं लेकिन गढ़वा के लोग अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि झामुमो मंत्री विधायक बिजली के दो टावर भी समय से नहीं लगा पा रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, नवीन जायसवाल, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री खुर्शीद आलम सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर जताया आभार

**भवनाथपुर।** झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने को लेकर मंगलवार को बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा सदन में सवाल उठाने को लेकर भवनाथपुर में विभन्न पत्रकारों ने विधायक व मंत्री को अभिवादन करते हुए खुशी जाहिर की है। मंत्री व विधायको को अभिवादन करने वालो में भवनाथपुर के वरिष्ठ पत्रकार सीता राम पाठक, दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, संजय पांडे, रविरंजन कुमार, प्रदीप चौबे, ओसताज अंसारी, शिवकुमार गुप्ता, अयोध्या साह, जितेंद्र गुप्ता श्याम विमल सहित लोग शामिल हैं। बताते चलें कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर छतीसगढ़ राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर रांची में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम सोमवार को जेजेए झारखंड इकाई के पत्रकारों के द्वारा रखा गया था।

# मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

### इंडिया महागठबंधन के बैनर तले घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
इंडिया महागठबंधन के बैनर तले घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को रोकने में नाकाम मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

धरना में कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले सहित विभिन्न घटल दलों के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। धरना से पूर्व शहर के गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान से जुलूस निकाला गया, जो समाहरणालय में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश में धर्म व संप्रदाय के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार एक तरफ महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गरीब, किसान, मजूदर सभी परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ मणिपुर में करीब दो महीने से जातिय हिंसा जारी है लेकिन डबल ईंजन की सरकार चुप बैठी हुई है। मणिपुर में लोगों की हत्या की जा रही है। महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी इज्जत लूटी जा रही है। बावजूद केंद्र की सरकार कुछ नहीं बोल रही है। वक्ताओं ने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में जनता हिसाब लेगी। प्रदर्शन में झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय कमेटी सदस्य मो शरीफ अंसारी, राजकिशोर यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, निर्मल पासवान, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, संजय सिंह छोटु, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आलमगीर अंसारी, राजद के प्रदेश महासचिव जमीरुद्दीन अंसारी, डॉ मकबूल आलम, फरीद खान, नंद गोपाल यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, जिला सचिव आसिफ खान, दिवाकर चौबे, राजु प्रसाद, मानिक राम, जिला महासचिव सुशील कुमार चौबे, त्रिपुरारी सिंह, पांडेय प्रदीप शर्मा, राजेश रजक, ओमप्रकाश चौबे, प्रदेश महासचिव मो आसिक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रामकरेस चौबे, केयाम अंसारी, जफर इकबाल, सुनील कालिया, बबन पासवान, अरबिंद यादव, मोतीराम, भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सुषमा मेहता, जिला सचिव कालीचरण मेहता, रहिना बीबी, अरुण बिहारी यादव, कामेश्वर विश्वकर्मा, लालमणि गुप्ता, आम आदमी पार्टी के ज़िला संयोजक धर्मेंद्र सिंह, भासपा के अध्यक्ष याकूब एकबाल आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त

### माता वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा पर हुए रवाना



**मेराल।** मुख्यालय से सोमवार को माता वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा पर देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने 14 श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुए। सभी तीर्थ यात्रियों को प्रबुद्ध लोग एवं मेराल पत्रकार द्वारा गढ़वा रोड स्टेशन से गरीब रथ पर चढ़ा कर रवाना किया गया। तीर्थ यात्रियों में गोंदा देवी धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत उर्फ शंभू दुबे, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, गोंदा के बीडीसी कृष्णा प्रसाद, मेराल देवी धाम संचालन समिति के कोषाध्यक्ष मनोज जयसवाल, संरक्षक विनोद प्रसाद उर्फ लाला अपने परिवार के साथ शामिल हैं।

### दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चिनिया।** पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों के प्राथमिक अभियुक्त को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि अभियुक्त सोनू राम उर्फ सोनू कुमार भुइंया उम्र 21 वर्ष पिता नंदूराम को खूरी गांव से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे कांड में अभियुक्त रविंद्र प्रसाद उर्फ रविंद्र कुमार प्रसाद (30) पिता गुप्तेश्वर साह ग्राम चपलकली से उनके घर से गिरफ्तार कर दोनों प्राथमिक अभियुक्त को माननीय न्यायालय में गढ़वा भेज दिया गया है।

### नए थाना प्रभारी विवेक को किया सम्मानित



**माझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी, ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ गढ़वा जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतिनंदन सोनी ने नवनियुक्त थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित को बुक्के, अंगवस्त्र एवं राधा कृष्ण का तस्वीर देकर सम्मानित किया। वहीं पर उपस्थित लोगों ने भी बुक्के, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं नवनियुक्त थाना प्रभारी विबेक कुमार पंडित ने सभी लोगों का आभार जताया। मौके पर धर्मेंद्र पांडे, पपु जयशवाल, खुशी जयशवाल, नीरज कमलापुरी, शिसंकर कमलापुरी, सत्यम जयशवाल तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# ‘अपने को बचाते दूसरों को बचाना सबसे बड़ा धर्म’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायियों ने सोमवार की शाम सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में बड़मा का 130वां जन्मदिवस मनाया। इस मौके पर सत्संगियों ने विशेष सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया।



सत्संग में इष्टचर्चा करते हुये अनिता मां ने बड़मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे पतिव्रता व सभी जीवों पर स्नेह करनेवाली मां थीं। वे हमेशा ठाकुर जी के बताये दिशा निर्देश का पालन करती थीं। उनके बताये नारी के आठ वैशिष्टयों का पालन करती थीं। आठ विशिष्टियों में निष्ठा, धर्म, शुश्रुषा, सेवा, सहायता, संरक्षण, प्रेरणा और सुप्रजनन है। उन्होंने इन वैशिष्टयों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि सभी नारियों में उक्त सभी वैशिष्ट्य होना चाहिये। उन्होंने कहा कि अपने बचते हुये दूसरों को बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर अच्छे कर्म करने के लिये ईश्वर द्वारा प्राप्त हुआ है। मांसाहारी भोजन करने से मन शुद्ध नहीं होता है। मन में अच्छे विचार नहीं आते हैं। माला देवी ने कहा कि बड़मा जी का जीवन सादगी का जीवन था। वे सभी जीवों के साथ साथ सभी प्रकार की वस्तुओं से भी प्रेम करती थीं। ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने कहा कि बड़मा के जीवन आदर्श को सभी नारियों को पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का पाठ व श्रवण कर तथा सभी निर्देशों का जीवन में पालन करने से घर देवालय बन जाता है। मन ईश्वरमुखी बन जाता है। उन्होंने कहा कि यदि नारी प्रत्येक दिन नारी नीति का पाठ करे तथा उसमें वर्णित गुणों पर चलें तो आज भी नारी अपने अच्छे कर्मों द्वारा पूजनीय हैं।

ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने भी बड़मा जी के जीवन पथ पर चलने की अपील की। सत्संग के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में गोविंद दा, राजकुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, भोला प्रसाद, राहुल दा, धृतदीप्त, छोटू वर्मा, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, सतवंती देवी, निर्मला जायसवाल, काजल देवी, मंजुला सिन्हा, वृंदा देवी, प्रीति सिन्हा, सुप्रिया कुमारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सुयश पांडेय बने भाजमो के गढ़वा जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के द्वारा पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष के रूप में सुयश पांडेय की नियुक्ति की गई। बताते चलें की केंद्रीय अध्यक्ष तिवारी ने संगठन के विस्तार के लिए गढ़वा, पलामू, रांची एवं रामगढ़ जिले में जिला अध्यक्षों का चयन किया। नियुक्ति के बाद जिलाध्यक्ष सुयश पांडेय ने बताया कि पार्टी के संरक्षक एवं जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय के नेतृत्व में पार्टी भय, भुख एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाते हुए जनता की इन तीनों समस्याओं से निजात दिलाने के अपने मुख्य उद्देश्य पर काम



करेगी। पांडेय ने कहा की सरयू राय के मार्गदर्शन में वे पूरी निष्ठा के साथ भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बैनर तले अपने राजनीतिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। साथ ही साथ यह भी जानकारी दी गई की आनेवाले समय में गढ़वा जिले में पार्टी का विस्तार किया जाएगा एवं समाज हित की सोच रखने वाले लोगों को पार्टी की सदस्यता प्राप्त कराते हुए नई जिम्मेवारियां भी सौंपी जाएगी।

**धर्म-कर्म**

### चित की चंचलता को रोका नहीं, मोड़ा जा सकता है : जीयर स्वामी

# ‘भटके मन को केंद्रित करने का नाम है योग’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शुकदेवजी महाराज से राजा परीक्षित ने पूछा कि ये हमारे भावना आएंगे कैसे तो सुकदेव महाराज ने कहा कि इसके लिए योग करना पड़ेगा तो फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं किसे कहते हैं? योग केवल इतना ही नहीं कि सांस को लेना फिर छोड़ना। यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है, लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नहीं है। योग का अर्थ है कि हमारा मन, चित, बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारों तरफ से केंद्रित करके, पकड़



करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग। चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता।

उन्होंने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है मोड़ा जा सकता है। इसको दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है, प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नहीं रुकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं। इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्हीं में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले के नाम को गाइये। घूमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइये, बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइये। ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा। जीवन निर्वहन के क्रम में अपनी आवश्यकताओं को कम करते हुए न्यूनतम साधन एवं संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इसी में स्वहित एवं राष्ट्रहित समाहित है। वस्तुओं का अत्यधिक मात्रा में उपयोग से उनका दुरुपयोग होता है। खाली पात्र में ही जल या वस्तु डाली जा सकती है। भरे हुए पात्र में कुछ डालने पर वह गिरने लगता है। उसी तरह अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं को जरूर पूर्ति करनी चाहिए, लेकिन विलासितापूर्ण जीवन जीने के लिए अनीति अत्याचार से धन नहीं जुटाना चाहिए। समाज में ऐसे - कभी दूध पीना छोड़कर माता को अपलक निहारने लगता है। स्वामी जी ने कहा कि मुक्ति पांच तरह की होती है। भगवान के लोक में रहना सालोक्य मुक्ति, भगवान के पास रहना सामीप्य मुक्ति, भगवान के समान रूप बनाना सारूप्य मुक्ति, भगवान के समान सृष्टि का अधिकारी सासृष्ट मुक्ति और भगवान में अपने को विलय करना सायुज्य मुक्ति कहलाता हैं। इन मुक्तियों के अधिकारी भी भगवान के अधीन रहते हैं। भक्ति योगः जिस व्यवहार, आचरण और कर्म से भगवान के प्रति निष्ठा हो जाए वही भक्ति है।

# जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया रद करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
राजकीय मध्य विद्यालय अरसली उतरी के जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया पर स्कूल के प्रधानाचार्य की मिलीभगत करने को लेकर पंचायत के मुखिया इसरत जहां पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी व वार्ड सदस्य मनोज बैठा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए बीडीओ व बीईओ को पत्र लीखकर नीलामी प्रक्रिया को जांच कर रद करने की मांग की है। आवेदन में मुखिया ने कहा है कि विद्यालय के प्रचार्य, प्रबंधन समिति व छह ग्रामीणो के लोग एक बन्द कमरे बैठकर गुपचुप तरीके से बिना मुखिया या किसी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंगलवार को नीलामी प्रक्रिया किया गया है जिसमे सरकार के राजस्व की छति के साथ किसी विषेस को फायदा कराने की संलिप्ता प्रतीत हो रही है चूंकि लाखों रुपये मूल्य की संपति मात्र 16 हजार रुपये में नीलामी की गई है, जिसमें जनप्रतिनिधि की भी भावनाओ को भी ठेस पहुंचाना है जिसका हम सब विरोध करते हैं। इसलिए दुबारा संबंधित विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारदर्शिता से नीलामी की जाय ताकि सरकार को भी राजस्व प्राप्त हो।

# ऐप के माध्यम से पठन पाठन की दी गयी जानकारी

**श्री बंशीधर नगर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी सेविकाओं का ऐप के माध्यम से मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों को कैसे पठन-पाठन का कार्य कराया जाये इससे संबंधित प्रशिक्षण सेविकाओं को दिया गया। प्रशिक्षक कामेश कुमार ने सेविकाओं को अभिभावकों से मिलकर उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का तरीका बताया। प्रशिक्षण में जिला से आये अभिनव कुमार, दुर्गेश कुमार, सत्यम कुमार, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिकाये माया गुप्ता, दीपा कुमारी, शोभा कुमारी, आरती देवी, सेविका कौशल्या देवी, तारा देवी, शीला देवी, सरस्वती देवी, पूजा कुमारी, संगीता देवी, वीणा देवी, बबिता देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएँ उपस्थित थीं।

### महिला महाविद्यालय बरही में रांची विवि के कुलपति ने की जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता, मांगा सुझाव; सुविधाओं का दिया आश्वासन

# नामांकन के लिए सीयूईटी परीक्षा पास होने की जरूरत नहीं : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने महिला महाविद्यालय बरही में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात किया एवं महाविद्यालय में नामांकन के लिए सभी को अपना योगदान देने को कहा। कुलपति ने उपस्थित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद कर महिला महाविद्यालय को और कैसे बेहतर ढंग से विकसित किया जाए, क्या कमियां हैं और इन कमियों को कैसे पूरा किया जाए, जिससे महिला महाविद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हो और इस सरकारी कॉलेज में छात्राएं इसका लाभ ले। इस संदर्भ में उपस्थित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सभी छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल रही हैं। विगत वर्ष नामांकित सभी छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान सरकार के द्वारा कर दिया गया है। महाविद्यालय में भव्य लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रयोगशाला छात्राओं के लिए खेलकूद की व्यवस्था कंप्यूटर क्लासेस एवं



अन्य रोजगार से रिलेटेड पढ़ाई आरंभ कर की जा रही है। उपस्थित मुखिया समूहों में से सभी लोगों ने अपने अपने विचार दिए, जिसमें छात्राओं के लिए बस की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। इस पर कुलपति ने कहा कि यदि नामांकन हो जाता है तो इसके पश्चात छात्राओं के आने-जाने की उचित व्यवस्था की जाएगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में क्षेत्रीय भाषा की भी पढ़ाई आरंभ की जाएगी। साथ ही नामांकन में सीयूईटी पास की जरूरत नहीं रहेगी। सभी इंटरमीडिएट छात्राएं जो उत्तीर्ण हुई है उनका नामांकन चांसलर पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी छात्राएं नामांकन के लिए इधर उधर ना जाए। वे सीधे बीएस कॉलेज के सीएससी सेंटर में जाकर अपना नामांकन कराएं। इससे छात्राओं को कम से कम शुल्क पर नामांकन सीएससी के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नामांकन चांसलर पोर्टल के माध्यम से जारी है जल्द से जल्द छात्राएं नामांकन ले लें। उन्होंने महाविद्यालय के पूरे भवन का निरीक्षण किया। जो कमियां मुखिया समूह के लोगों ने बताया उन्हें पूरा करने का वादा किया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के सीसीडीसी प्रकाश झा, बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार गुप्ता, प्रो. शशि गुप्ता, प्रोफेसर नईम खान, महिला महाविद्यालय बरही की कोऑर्डिनेटर प्रो सरूण सुरीन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जिला परिषद की बैठक में विभिन्न योजनाओं का किया गया अवलोकन

# पंचायत समिति से पारित कुल 83 योजनाएं सर्वसम्मति से अनुमोदित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। इसमें सर्वप्रथम पिछली बैठक के निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

बैठक में कुडू बस स्टैंड एवं कुडू हाट का चुंगी की पुनर्निधारित दर, जिला परिषद कार्यालय में दैनिक/आंशिक वेतन दर पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, जिला परिषद कार्यालय में आंशिक दैनिक वेतन पर नियुक्त स्वीपर, किस्को मार्केट कंप्लेक्स में शौचालय आदि की मरम्मति कार्य हेतु प्रकाशित निविदा, पीएचईडी लोहरदगा द्वारा मार्च-जुलाई माह में मरम्मत किये गये नलकूपों की संख्या, हर घर नल योजना के डीपीआर अनुसार कार्यान्वयन, उच्च विद्यालय टाकू में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता, उच्च विद्यालय माराडीह तक पहुंच पथ की आवश्यकता, मध्य विद्यालय केकरांग में शिक्षकों की उपस्थिति,



पाखर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण करने आदि निदेश शामिल हैं। अखिलेश्वर धाम में निर्मित दुकानों की नीलामी अगले 10 दिनों में किये जाने का निदेश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 15वें आयोग अनाबद्ध मद से कार्यान्वित दो योजनाओं कैरो प्रखण्ड के गाराडीह ग्राम में गाराडीह विद्यालय से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ और कुडू प्रखण्ड के उमरी ग्राम में पीसीसी पथ के विपत्रों को अनुमोदित किया गया। 15वें वित्त आयोग आबद्ध मद से कार्यान्वित योजना पेशरार प्रखण्ड में ग्राम पुतरार के स्कूल टोला में तालाब जीर्णोद्धार कार्य के विपत्र को अनुमोदित किया गया। पंचायत समिति, सेन्हा विकास योजना अंतर्गत 15वें वित आयोग में ली जाने वाली पंचायत समिति से पारित कुल 83 योजनाओं को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। 15वें वित्त आयोग मद वर्ष 2022-23 की राशि से प्राप्त आबद्ध मद से पेयजल, वर्षा जल संरक्षण, जल पुर्नचक्रण की तीन योजनाओं, आबद्ध मद से स्वच्छता एवं खुले में शौच मुक्त अवस्था को बनाये रखने से संबंधित योजना में सेन्हा प्रखण्ड में एक योजना, अनाबद्ध मद स्थानीय आवश्यकतानुसार कुल 14 प्रस्तावित योजनाओं का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि (लोहरदगा संसदीय क्षेत्र) चंद्रशेखर अग्रवाल, कार्यपालक पदाधिकारी कनकलता भानू एक्का, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखण्ड प्रमुख, संबंधित जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

#### सदस्यों ने उठायी समस्याएं

कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा जलमीनार की मरम्मति, जलमीनार की आवश्यकता, यात्री शेड, प्रखण्ड मुख्यालय में स्ट्रीट लाईट, बिजली की समस्या, पहुंच पथ की समस्या, स्वास्थ्यकर्मी की कमी, खनन के उपरांत गड्ढों को नहीं भरे जाने की समस्या आदि से अवगत कराया गया और समस्याओं को दूर किये जाने की मांग की गई।

# मणिपुर हिंसा को लेकर इंडिया महागठबंधन ने किया प्रदर्शन

### मणिपुर में सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मणिपुर हिंसा को लेकर इंडिया महागठबंधन के तत्वाधान में समाहरणालय मैदान के समीप हिंसा पर रोक लगाने, शांति व्यवस्था बहाल करने तथा तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने को लेकर एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया।



धरना को संबोधित करते हुए सभी घटक दलों के वक्ताओं ने कहा की मणिपुर राज्य की महिलाओं पर उत्पीड़न का अन्य राज्यों के साथ तुलना करने लायक नहीं है। वहां महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न दुर्व्यवहार एवं बलात्कार आदि किया गया है जो सर्वथा निंदनीय है। इस बात के लिए इंडिया महागठबंधन आज महा धरना के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग करती है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। साथ ही साथ मणिपुर में जातीय हिंसा रोकने के लिए मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए तथा राज्य में शांति व्यवस्था बहाल करते हुए राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों के पुनर्वास की गारंटी सुनिश्चित किया जाए। जातीय हिंसा आम नागरिकों को कभी भी कानूनी लाभ नहीं दिला सकती। बलात्कार और हिंसा की शिकार आदिवासी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई किया जाए। वक्ताओं ने खेद व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर कपड़े बदल बदल कर भाषण देते हैं तथा आमजन की बात ना कर अपने मन की बात करते हैं जबकि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है जाति हिंसा कभी आम नागरिकों को किसी प्रकार का लाभ नहीं दे सकता।

धरना का मंच संचालन कुणाल अभिषेक एवं धन्यवाद ज्ञापन हाजी सदरूल अंसारी ने किया। धरना में मुख्य रूप से कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, जेएमएम जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, भाकपा माले के महेश सांवरिया, सीपीआईएम के दिलीप कुमार वर्मा, सीपीआई के आनंद कुमार दास, राजद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, नेसार अहमद, जगदीश भगत, अनिल उरांव, बालमुकुंद लोहरा, समीर अंसारी, गोपाल महतो, राहुल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, विनय उरांव, तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, विनोद खेरवार, जुगल उरांव, अनीश खान, सत्यदेव भगत, मोहम्मद जैनुल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## शराबी पुत्र के हत्यारे पिता को आजीवन कारावास




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजेश बहादुर पाल की न्यायालय ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को बेटे की हत्या करने के आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। मामला वर्ष 2020 का है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि पेशरार थाना क्षेत्र के चंदलगी गांव निवासी बनेया उरांव अपने शराबी बेटा कृष्णा उरांव के शराबखोरी कर बदमाशी करने से परेशान था। शराबी पुत्र कृष्णा उरांव प्रतिदिन शराब पीकर गांव वालों से गाली गलौज करता था। ग्रामीणों से झगड़ा कर उन्हें परेशान कर रखा था। आए दिन शराबी पुत्र की बदमाशी की शिकायत गांववाले पिता से करते थे। रोज की शिकायत से तंग आकर उसने अपने पुत्र कृष्णा उरांव की हत्या घर में रखे कुल्हाड़ी के घातक वार से कर दी थी। मामले की सुनवाई पीडीजे के न्यायालय में चल रही थी। आरोप साबित होने के बाद न्यायालय ने उसे दोषीवार मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी है।

## नशा के लिए नहीं मिला पैसा तो युवक ने की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत अंतर्गत डूंमरी गांव का एक युवक रविंद्र लोहरा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की खबर पुलिस को मिलने पर पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के अनुसार मृतक के पिता सहेंद्र लोहरा ने बताया कि रविंद्र लोहरा रोजाना शराब एवं गांजा पीता था। वह नशा का आदी हो चुका था। आज भी शराब पीकर घर आया और अपने पिता से पैसा की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर वह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि युवक पहले भी एक बार जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर चुका था। इस संबंध में भंडरा थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्राण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी रहे स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की 14वीं पुण्यतिथि उनके बीआईडी स्थित आवासीय परिसर में मंगलवार को मनाई गई। मौके पर आम और खास लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर बीएस कॉलेज प्राचार्य शिव प्रसाद गुप्ता ने कहा कि स्व प्राण प्रसाद जयसवाल मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के लिए बेहतर कार्य किए और आज जिले में प्रमुख समाजसेवी के रूप में उन्हें याद किया जाता है। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव ने कहा कि स्व. प्राण प्रसाद कांग्रेस पार्टी को जिला अध्यक्ष रहते हुए काफी मजबूती प्रदान की गई थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में प्रमिला देवी, विधायक प्रतिनिधि



निशीथ जायसवाल, आशीष जायसवाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, समाजसेवी ओम सिंह, नेसार अहमद, प्रोफेसर लोहरा उरांव, शशि गुप्ता, प्रशांत जायसवाल, विकास जायसवाल, दीपक जयसवाल, मनोज जयसवाल, पंकज जायसवाल ठाकुर प्रसाद, सामुल अंसारी, सद्रुल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, अनिस अहमद, विजय जायसवाल, सतीश जायसवाल अजातशत्रु, संतोष महतो, उमेश जयसवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग शामिल रहे।

## उप परिवहन आयुक्त से मिला ट्रक एसो. का प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह के नेतृत्व में उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, श्याम नारायण राम, दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, कार्यालय रांची में मुलाकात की एवं 15 से 20 वर्ष पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट नहीं दिए जाने के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि परमिट निर्गत नहीं होने के कारण सैकड़ों वाहन खड़े हो जा रहे हैं। इस पर उप परिवहन आयुक्त ने तत्काल रोड परमिट निर्गत करने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया एक सप्ताह के पश्चात पुनः एसोसिएशन के साथ वे अन्य मसलों को लेकर एक और बैठक करेंगे। मौके पर अध्यक्ष कवलजीत सिंह सह सचिव बरज सिंह, जत्रु मुंडा राजेश शर्मा, अनिल मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### बाइक बिजली पोल से टकरायी, दो घायल

**घाघरा।** चपका के समीप बाइक सवार अनियंत्रित हो बिजली के पोल से जा टकराया। इससे बाइक पर सवार दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेलागड़ा नवाटोली निवासी बरखू उरांव 28 वर्ष एवं लुद्ध उरांव 22 वर्ष शामिल है। दोनों घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लायी जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। बता दें कि दोनों घाघरा से अपने घर बेलागड़ा नवाटोली जा रहे थे। इसी बीच चपका के समीप मोड़ में बाइक अनियंत्रित हो बिजली पोल से टकरा गई और घटना घटी।

### इंडियन नेवी क्विज-2023 का होगा आयोजन

**लोहरदगा।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत इंडियन नेवी की ओर से द इंडियन नेवी क्विज-2023 का आयोजन स्कूली बच्चों के लिए किया जा रहा है। इसमें कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इस क्विज का आयोजन अगस्त से नवंबर 2023 में दो चरणों राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय में किया जाएगा। स्कूलों से कुल प्रतिभागी विद्यालयों में से सेमीफाइनल राउंड में 16 टीमों का चयन होगा। वहीं फाइनल राउंड में 8 टीमें क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल और फाइनल राउंड का आयोजन गेटवे ऑफ इंडिया में नवंबर 2023 में किया जाएगा। सभी फाइनलिस्ट को नवल डॉकयार्ड, मुंबई में शिप और सब-मरीन में जीवन कैसा होता है, इसे देखने का मौका मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय चरण की प्रतियोगिता इंडिया गेट, नई दिल्ली में नवंबर, 2023 में आयोजित होगा।

### सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब का हुआ गठन

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में बीपीओ रघुनाथ मुंडा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर बैठक की गयी। इसमें सभी ग्राम के चयनित अध्यक्ष सचिव, उपाध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित हुए। बैठक के माध्यम से अध्यक्ष अमित उरांव, उपाध्यक्ष लक्ष्मण उरांव, सचिव विकास उरांव व सभी पंचायत से दो दो मनोनीत सदस्य का चयन किया गया। मौके अमन शिखर,मुखिया वीरेंद्र महली,सुमन उरांव, सुमित्रा उरांव, चंद्रमणी उरांव, अरबिंद उरांव,उप मुखिया रवि प्रजापति प्रखंड कर्मी शातिष साहू, वलिउलाहा, प्रदीप कुमार, हिबजुल रहमान आदि युवा उपस्थित थे।

### बीमारियों की पहचान व बचाव की दी ट्रेनिंग

**सेन्हा।** झारखंड सरकार द्वारा जनसंख्या आधारित एनसीडी के तहत गम्भीर बीमारियों के विषय मे पहचान और बचाव के बारे में सहियाओं को एक दिवसीय परीक्षण दिया गया गया। मौके पर अनिता उरांव, शिला उरांव, सावित्री कुमारी, जगमनी उरांव, सितारी देवी, कौशल्या देवी, चिन्तामनी भगत, सरिता कुमारी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों सहिया उपस्थित थे।राज्य स्तरीय प्रशिक्षक मुस्तफा अन्सारी द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में उच्च रक्तचाप, महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, गर्भाशय में होने वाले कैंसर तथा स्त्री पुरुष के मुंह में होने वाले कैंसर के बारे में और मधुमेह के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं प्रशिक्षक मुस्तफा अंसारी ने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण तेज सिरदर्द, सीना में दर्द, हाथ पैर में सूनापन झिनझिन होना उच्च रक्तचाप का लक्षण है। वहीं महिलाओं के बच्चेदानी में कैंसर होने से माहवारी की उम्र पार करने पर असमान्य रक्त स्त्राव, सहवास के बाद खून आना, गर्भाशय में कैंसर का लक्षण होता है। स्तन कैंसर में निप्पल से खून या पानी का स्त्राव, स्तन में गांठ बनना या गिल्टी जैसा होना स्तन कैंसर का लक्षण है।

**अनदेखी** | कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, यात्री खुद कर रहे हादसे को आमंत्रित

# ओवरब्रिज की अनदेखी कर रेलवे ट्रैक पार कर रहे यात्री

**राहुल कौशल/मनोज मिश्रा। लोहरदगा**
लोहरदगा रेलवे प्रशासन द्वारा हाल ही में ओवरब्रिज का निर्माण रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए कराया गया है। बावजूद रेलयात्री इसका प्रयोग करने से गुरेज कर रहे हैं, जिससे उनके जान माल का भी नुकसान होना तय है। वहीं रेलवे प्रशासन ओवर ब्रिज का प्रयोग कराने में नाकाम हो रहा है। बता दें कि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए करोड़ों की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ है। लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म बने हुए हैं जहां मेमू पैसेंजर ट्रेन के अलावा कई एक्सप्रेस ट्रेनों का भी आवागमन इस स्टेशन से होकर होता है वहीं माल गाड़ियों का भी इस स्टेशन पर से परिचालन चालू है। हादसों की स्थिति



तब बनने लगती है जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आती है। यात्रीगण ओवरब्रिज का प्रयोग न करते हुए, अपोजिट साइड से चढ़ते उतरते हैं। एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे तीसरे में जाने आने के लिए ट्रैक के बीच से गुजरते हैं। स्टेशन पर रेलवे पुलिस तो होती है लेकिन उसका भय यात्रियों में नहीं दिखता है। रेलवे पुलिस यात्रियों की सुविधा हेतु बनाया गया ओवरब्रिज के साधनों का उपयोग करने के लिए यात्रियों को बोलती है लेकिन उसका कोई फायदा दिखाई नहीं देता है। फिलहाल यात्रियों की लापरवाही उनकी जान पर भी आ सकती हैं। ऐसे लापरवाह यात्रियों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अब यात्रियों को अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए खुद जागरूक होकर रहना होगा। रेलवे के नियम कानून के अनुसार चलना होगा। यदि सुविधा दी गई है तो उसका उपयोग करना चाहिए न कि हादसे को आमंत्रित करना चाहिए। अगर कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए तो जिम्मेवारी किसकी होगी। प्रशासन को चाहिए कि थोड़ा सख्ती दिखाते हुए, ट्रैक के बीच से गुजरने वालों को रोका जाय, ओवर ब्रिज प्रयोग करने को बाध्य किया जाय।

### अडाणी ग्रुप के शेयरों में पिछले महीने अच्छी तेजी देखने को मिली

# जुलाई में कमाए 71,000 करोड़ रुपये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडानी ग्रुप के शेयरों में पिछले महीने अच्छी तेजी देखने को मिली। इस दौरान ग्रुप के शेयरों में 16 फीसदी तक उछाल आई और उसका मार्केट कैप 71,575 करोड़ रुपये बढ़कर 10.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। अडाणी ग्रुप की दस कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्टेड हैं। 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में काफी गिरावट आई थी। जानकारों का कहना है कि अब निवेशकों का फोकस एक बार फिर अडानी ग्रुप के वैल्यूएशन और बिजनस फंडामेंटल्स पर हो गया है। इस कारण ग्रुप के शेयरों में तेजी आई है। अडाणी ग्रुप के शेयरों में पिछले महीने सबसे ज्यादा 16 परसेंट तेजी अडाणी ग्रीन एनर्जी में रही। पहली तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 51 परसेंट बढ़ा है। जुलाई में एसीसी के शेयरों में 11 परसेंट और अंबूजा सीमेंट्स के शेयरों में नौ परसेंट तेजी आई। अडाणी पावर का शेयर नौ परसेंट चढ़ा जबकि अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स में पांच-पांच परसेंट की तेजी रही। अडाणी टोटल गैस और एनडीटीवी में जुलाई में एक-एक परसेंट तेजी देखने को मिली। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में सात फीसदी तेजी रही। पहले इसे अडाणी ट्रांसमिशन के नाम से जाना जाता है। जून तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक म्यूचुअल फंड्स ने अडाणी ग्रुप की 10 कंपनियों में से सात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। लेकिन इस दौरान एफपीआई ने छह कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम की है। अडाणी एंटरप्राइजेज में म्यूचुअल फंड्स की हिस्सेदारी 1.18 परसेंट हो गई है। एसीसी में यह 8.90 परसेंट से बढ़कर 9.21 परसेंट हो गया है। ग्रुप ने पिछले महीने बॉन्ड सेल के जरिए 1,250 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### ओप्पो ने भारत में लॉन्च किया स्मार्टफोन 'ए78' 8 जीबी रैम

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो ने मंगलवार को भारत में बेस्ट क्लास बैटरी के साथ नया स्मार्टफोन 'ओप्पो ए78' लॉन्च किया। हैंडसेट एक्वा ग्रीन और मिस्ट ब्लैक कलर ऑप्शन में पेश किया गया है और इसकी कीमत 17,499 रुपये है और यह 1 अगस्त से मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स, ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। एक्वा ग्रीन ए78 ओप्पो के पहले डायमंड मैट्रिक्स डिजाइन को वॉटर-ग्रीन बेस लेयर के टॉप सुपरइम्पोज करने के लिए डबल-लेयर प्रोसेस का इस्तेमाल करता है। मिस्ट ब्लैक वर्जन फोन को यूनिक मैटेलिक चमक देने के लिए अपने प्योर ब्लैक बेस पर येलो-ग्रीन कलर के टच के साथ आता है। स्मार्टफोन में 2.5डी राइट एंगल फ्रेम और स्मूथ एज्ड के साथ एक अल्ट्रा-स्लिम रेट्रो डिजाइन है, जो फोन को स्लीक और पकड़ने में आरामदायक बनाता है।

### एयरटेल ने किया एयरटेल आईक्यू रीच लॉन्च

# भारत में अपनी तरह का पहला सेल्फ-सर्व मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लेटफार्म है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एयरटेल आईक्यू रीच के लॉन्च की घोषणा की, यह एक अनूठा सेल्फ-सर्व मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लेटफार्म है, जो पर्सनलाइज्ड कम्युनिकेशन के जरिए ब्रांड या कंपनियों को अपने विशिष्ट ग्राहकों से जुड़ने की क्षमता प्रदान करेगा।

एयरटेल आईक्यू के तहत लॉन्च किया गया यह कम्युनिकेशंस एज अ सर्विस (सीपीएएएस) के रूप में दुनिया का पहला नेटवर्क-एम्बेडेड कम्युनिकेशंस प्लेटफॉर्म है। एयरटेल आईक्यू रीच सहजता से इस्तेमाल किया जा सकने वाला प्लेटफॉर्म है। यह लघु और मध्यम व्यवसायों को प्रीपेड पे-एज-यू-गो विकल्पों के माध्यम से, उनके मार्केटिंग बजट से अधिकतम लाभ अर्जित करने और संभावित ग्राहकों तक पहुंचने में मदद करता है।

यह सेल्फ-सर्व पोर्टल विशेषकर नए व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सभी सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध कराएगा। इसके जरिए उन्हें अपने विशिष्ट ग्राहक समूहों की आवश्यकतानुसार मेसेज डिजाइन करने, अपलोड करने या चुनने, शेड्यूल करने के लिए केवल एक ही पोर्टल पर लॉग इन करना होगा। इस तरह वे अपने कैंपेन पर पूरी तरह से नियंत्रण रख सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बस कुछ ही क्लिक के साथ आसानी से और जल्दी पूरी हो जाती है।

### जीएसटी ने भर दी सरकार की झोली

# पांचवीं बार 1.6 लाख करोड़ रुपये के पार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी कलेक्शन के जुलाई के आंकड़े आ गए हैं। बीते महीने यह 1,65,105 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल के मुकाबले 11 परसेंट अधिक है। पांचवीं बार जीएसटी कलेक्शन किसी महीने में 1.6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है। इस दौरान डोमेस्टिक ट्रांजैक्शंस से रेवेन्यू में पिछले साल के मुकाबले 15 फीसदी तेजी आई है। जुलाई में सरकार को सीजीएसटी के रूप में 29,773 करोड़ रुपये, एसजीएसटी के रूप में 37,623 करोड़ रुपये, आईजीएसटी के रूप में 85,930 करोड़ रुपये और सेस (डी२२) के रूप में 11,779 करोड़ रुपये मिले। आगे त्योहारी मौसम में जीएसटी कलेक्शन में और इजाफा होने की उम्मीद की जा रही है। एनए शाह एसोसिएट्स में पार्टनर (इनडायरेक्ट टैक्स) पराग मेहता ने कहा कि जीएसटी कलेक्शन में लगातार हो रही बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि जीएसटी काउंसिल को अब विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर रेट को व्यावहारिक बनाना चाहिए। इससे कंज्यूमर्स का फायदा होगा। अगले दो-तीन महीने देश में त्योहारों का मौसम रहेगा। इस दौरान आवास, कार, छुट्टियों और दूसरे कंज्मूमर आइटम्स पर खर्च में बढ़ोतरी होगी।

### दो साल की गिरावट के बाद मारुति सुजुकी में आई सुधार

**नई दिल्ली।** जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक शोध में कहा कि लगातार दो वर्षों तक बाजार हिस्सेदारी में गिरावट के बाद, मारुति सुजुकी नए लॉन्च के कारण बाजार हिस्सेदारी में सुधार के शिखर पर है। हाल ही में पेश की गई जिम्नी, फ्रोंक्स और इनविक्टो को ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। ब्रेजा, जीवी, जिम्नी, फ्रोंक्स, इनविक्टो, एरिटगा के लिए बड़ी संख्या में ऑर्डर बुक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया एसयूवी लॉन्च के साथ कंपनी ने वर्तमान वित्ती्ती वर्ष की पहली तिमाही के दौरान एसयूवी सेगमेंट में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर ली है। कंपनी ने संकेत दिया कि चिप आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है और उसे आगे भी आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

### आईफोन से भी है महंगा ऐपल का जूता

# एक जोड़ी की कीमत 41,00,000 रुपये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से एक ऐपल के महंगे आईफोन के बारे में तो आप जानते होंगे। आपमें से कई लोग इसे यूज भी करते होंगे, लेकिन क्या आपने फोन बनाने वाली इस कंपनी के जूते इस्तेमाल किए हैं? ऐपल के जूते ? पढ़कर हैरान मत होइए, 1990 में कंपनी ने इन जूतों को अपने कर्मचारियों के लिए डिजाइन करवाया था। ऐपल के ये जूते सेल के लिए नहीं बनाए गए थे, बल्कि कंपनी ने अपने कर्मचारियों को गिफ्ट करने के लिए इन जूतों को तैयार करवाया था। अब ऐपल के एक ऐसे ही जूतों की नीलामी हो रही है। ऐपल के इन जूतों की कीमत आप आदमी के बजट नें नहीं है। इन जूतों की कीमत इतनी है, जितने में आर दिल्ली-एनसीआर में अपने लिए 1 बीएचके या फिर 2 बीएचके फ्लैट खरीद लें। नहीं तो 5-6 गाड़ियां खरीद लें। ऐपल के रेयर स्नीकर्स की शुरूआती कीमत ही 50 हजार डॉलर यानी की 41,00,000 रुपये से अधिक है। आप अगर इन स्नीकर्स को खरीदना चाहते हैं तो सोथवे नाम की वेबसाइट पर जाकर ऑक्शन के लिए बोली लगा सकते हैं। खासबात ये है कि 41 लाख तो इन जूतों की शुरूआती कीमत है। अगर बोली अच्छी लगी तो कीमत और ज्यादा हो सकते हैं। ऐपल के इस खास जूते के दोनों तरफ पुराने स्कूल का इंद्रधनुष और ऐपल का लोगो लगा है। ऐपल के इस रेयर स्नीकर्स को 1990 में बनाया गया था। कंपनी ने इन जूतों को नेशनल सेल्स कॉन्फ्रेंस के लिए डिजाइन करवाया था । इन जूतों को अपने कर्मचारियों को स्पेशल गिफ्ट के तौर पर दिए थे। जूतों को बनाने के लिए ऐपल ने ओमेगा स्पोर्ट्स के साथ पार्टनरशिप की थी, जिसकी वजह से इन जूतों की कीमत बहुत ज्यादा है। आप सोच रहे होंगे कि पुराने जूते की कीमत इतनी ज्यादा क्यों है? दरअसल ये जूते कभी आम जनता तक नहीं पहुंच सके। इसी वजह से ये बेहद खास हैं और इनकी रीसेल मार्केट में भारी डिमांड है। जो लोग पुरानी ऐसी चीजों का कलेक्शन करते हैं, उनके लिए ये जूते काफी खास होते हैं और लोग ऊंची बोली लगाकर खरीद लेते हैं। हालांकि ये कोई पहला मौका नहीं है।

## विदेश

### तलिबान से मिले अमेरिकी अधिकारी

**काबुल।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि देश के वरिष्ठ राजनयिकों के एक समूह ने तालिबान के प्रतिनिधियों और तकनीकी पेशेवरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान में मानवीय संकट और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। यह बातचीत 30 जुलाई और 31 जुलाई को दोहा में हुई थी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि थॉमस वेस्ट ने किया। उनके साथ अफगान महिलाओं, लड़कियों और मानवाधिकार मामलों की विशेष दूत रीना अमीरी तथा अफगानिस्तान में अमेरिकी मिशन के प्रमुख करेन डेकर भी थे। इस संबंध में जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में मानवीय संकट और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने अफगान लोगों का समर्थन करने के लिए आपसी विश्वास मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### नेपाल को फांसने के लिए चीन ने चली नई चाल

# बढ़ेगा ड्रैगन का दबदबा, भारत के लिए खतरा



**एजेंसी। काठमांडू**

चीन ने नेपाल को अपने पाले में लाने के लिए एक और चाल चली है। भारत के बढ़ते साफ्ट पावर से परेशान चीन ने भारत के पड़ोसी देश नेपाल और आसियान के दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों में 'सिल्क रोडस्टर' प्रॉजेक्ट को लॉन्च किया है। यह प्रॉजेक्ट चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना का हिस्सा है जिससे अभी हाल ही में इटली ने किनारा किया है। शी जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट बीआरआई के 10 साल पूरे होने पर चीन ने इस परियोजना को लॉन्च किया है। चीन अब नेपाल के जरिए दक्षिण पूर्वी एशियाई और दक्षिण एशियाई देशों के साथ सहयोग के नए रास्ते तलाश रहा है जहां भारत का रणनीतिक हित बेहद अहम है।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सिल्क रोडस्टर प्लेटफार्म के तहत कई नए प्रॉजेक्ट को शुरू किया जा रहा है। चीन इन प्रॉजेक्ट को विभिन्न नेपाली दलों और सामाजिक संगठनों के जरिए पूरा करना चाहता है। चीन का दावा है कि सिल्क रोडस्टर प्लेटफार्म को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि व्यवहारिक सहयोग और लोगों के बीच आदान प्रदान को बढ़ाया जा सके। इसमें चीन में मौजूद स्थानीय सरकारों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के संसाधनों के साथ समन्वय किया जाना है। इसके तहत चीन की कोशिश है कि स्किल ट्रेनिंग, पढ़ाई और लोगों को कुछ समय के लिए आने की अनुमति देकर अपने प्रभाव को बढ़ाया जाए। इसके अलावा युवाओं को जोड़ने और उन्हें चीनी संस्कृति से परिचय कराने की कोशिश की जाएगी। चीन और दक्षिण एशियाई देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाया जाएगा। चीन इस नीति के जरिए अपनी परंपरागत बीआरआई नीति से पीछे हटकर पूरे क्षेत्र में साफ्ट पावर कूटनीति को बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। नेपाल ने साल 2017 में बीआरआई पर हस्ताक्षर किया था लेकिन अभी तक इस परियोजना के तहत एक भी प्रॉजेक्ट शुरू नहीं हो सका है। इससे चीन बुरी तरह से नेपाल सरकार पर भड़का हुआ है। पिछले दिनों पोखरा एयरपोर्ट को लेकर चीन और नेपाल के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया था। चीन का दावा था कि यह बीआरआई का हिस्सा है, वहीं नेपाल के विदेश मंत्री ने संसद में बयान देकर कहा कि अभी तक देश में बीआरआई का एक भी प्रॉजेक्ट शुरू नहीं हुआ है।

### जुलाई में बांग्लादेश में डेंगू से हुईं 204 मौतें

**ढाका।** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार बांग्लादेश में डेंगू के प्रकोप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 251 हो गई है, जिनमें से 204 मामले जुलाई में दर्ज किए गए। रिपोर्ट के अनुसार अपने नवीनतम अपडेट में डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक कुल डेंगू के 51,832 मामले सामने आए हैं। डीजीएचएस डेटा से पता चलता है कि जून में 5,956 लोगों के संक्रमित होने के बाद जुलाई में 43,854 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले 24 घंटों में, ढाका में 1,168 ताजा मामलों सहित डेंगू के कुल 2,694 नए मामले सामने आए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल जनवरी से जुलाई तक देश भर के विभिन्न अस्पतालों से इलाज के बाद 42,195 डेंगू मरीज घर लौट आए। डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या से लड़ने के लिए, बांग्लादेश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मच्छरों के प्रजनन की जांच करने और लार्वा विरोधी अभियान चलाने के उपायों को मजबूत किया है।

### बीजिंग में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 27 लापता

**बीजिंग।** बीजिंग में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में मेंटौगौ में चार और फैंगशान में दो शामिल हैं, जो सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। राजधानी शहर के बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार, चांगपिंग जिले में चार और हैडियन में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। जिन 27 लोगों के लापता होने की सूचना है, उनमें मेंटौगौ में 13, चांगपिंग में 10 और फांगशान में चार लोग शामिल हैं। मुख्यालय के अनुसार, तूफान डोकसूरी के प्रभाव के बीच, 29 जुलाई से शहर में लगातार भारी बारिश हो रही है, खास तौर से पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मंगलवार सुबह 6 बजे तक, बीजिंग में औसत वर्षा 257.9 मिमी दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्र में औसत वर्षा 235.1 मिमी थी। मेंटौगौ और फैंगशान में, औसत वर्षा क्रमशः 470.2 मिमी और 414.6 मिमी तक पहुंच गई। अब तक, बारिश के कारण शहर भर के लगभग 127,000 निवासियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।

### न्यूयॉर्क शहर में प्लास्टिक पर लगा पाबंदी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले शहर न्यूयॉर्क में टेकआउट ऑर्डर में एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पाबंदी लगा दी गई है। विगत सोमवार से लागू नए नियमों के तहत, शहर में रेस्तरां और डिलीवरी सेवाओं को टेकआउट और डिलीवरी ऑर्डर में प्लास्टिक के बर्तन, मसाला पैकेट, नैपकिन या अतिरिक्त कंटेनर प्रदान करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि ग्राहक इनकी मांग न करें। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रेस्तरां अब ग्राहक के अनुरोध के बिना खुद प्लास्टिक के कंटेनर, चाकू और कांटे, मेयो के पैकेट, ड्रेसिंग, साथ ही केचप को शामिल नहीं करेंगे। प्लास्टिक कचरे को कम करने के उद्देश्य से इस साल की शुरूआत में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने ₹स्किप द स्टफ₹ कानून पर हस्?ताक्षर किया था। नियमों के लिए चेतावनी की अवधि अगले साल 30 जून को समाप्त हो जाएगी। फिर उल्लंघन के लिए जुमार्ना जारी किया जाएगा। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को दंड का सामना करना पड़ेगा। न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल की उपभोक्ता और श्रमिक सुरक्षा समिति द्वारा उद्धृत आंकड़ों के अनुसार, देश में हर साल 320 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है, इसमें से 95 प्रतिशत एकल-उपयोग प्लास्टिक होता है और केवल 14 प्रतिशत का पुनर्चक्रण किया जाता है।

### इस्लामिक स्टेट ने ली पाक रैली में आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी



**एंजेंसी। इस्लामाबाद**

आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस (आईएस-के) ने पाकिस्तान में जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के सम्मेलन में हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में 54 लोग मारे गए, जिनमें 20 से अधिक नाबालिग हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईएस-के की प्रचार शाखा अमाक द्वारा विगत सोमवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया कि एक आत्मघाती हमलावर ने रविवार को बाजौर जिले के खार इलाके में हमला किया। अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक शौकत अब्बास ने सोमवार को मीडिया को बताया कि हमले में कम से कम 83 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, मृतकों में से कम से कम 12 की उम्र 12 साल से कम है। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। मृतकों में जेयूआई-एफ के खार अमीर जियाउल्लाह, उनके सूचना सचिव मुजाहिद खान और उनका 22 वर्षीय बेटा शामिल थे। अब्बास ने बताया कि सम्मेलन रविवार दोपहर दो बजे शुरू हुआ और विस्फोट दो घंटे बाद हुआ। इस बीच, जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) नजीर खान ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट में 12 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहम्मद आजम खान और पेशावर कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सरदार हसन अजहर हयात खान ने बाजौर का दौरा किया।

### विरोध — जिनपिंग के खिलाफ विद्रोह करना चाहती है चीनी सेना

# परमाणु फोर्स के शीर्ष अधिकारी की रहस्यमय मौत, तनाव



**एजेंसी। बीजिंग**

क्या चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अंदर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है? यह सवाल दुनियाभर के विश्लेषकों के मन में चल रहा है। सबसे पहले चीन की सेना के शक्तिशाली रॉकेट फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी की मौत की खबर आई और बाद में उसी यूनिट के कमांडर लापता हो गए। इसके बाद चीन से विदेश मंत्री भी गायब हो गए हैं। यह सारा घटनाक्रम पिछले महीने ठीक उसी समय पर हुआ है जब रूस में वैगनर समूह ने राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ असफसल विद्रोह किया था। अब चीन के राष्ट्रपति ने खुद ही पूरे मामले में कमान संभाल ली है। उन्होंने रॉकेट फोर्स के नए प्रमुख की नियुक्ति की है। भारतीय विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की सेना के अंदर आंतरिक कलह काफी बढ़ गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय खुफिया एजेंसियां चीन के घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। भारतीय एजेंसियों ने बताया कि वू गुओहुआ पीएलए के रॉकेट फोर्स में डेप्युटी कमांडर था और उसकी 6 जून को रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मौत को चीनी सेना ने दबा दिया और मौत के सही कारणों को नहीं बताया। इससे पीएलए के रॉकेट फोर्स के अंदर चल रहे उठापटक का संकेत मिला। चीन ने साल 2015 में अपनी रणनीतिक मिसाइल फोर्स का नाम पीएलए रॉकेट फोर्स कर दिया था।

रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह यूनिट रणनीतिक और सामरिक मिसाइलों के जखीरे को संभालती है जिसमें परमाणु मिसाइल भी शामिल है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का इरादा साल 2028 तक 1000 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों को बनाने का है। वू की मौत के बाद उनके सीनियर और पीएलए के रॉकेट फोर्स के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ली यूचाओ को भी जून में आयोजित प्रमोशन समारोह से लापता पाया गया था। उनके लापता रहने से यह अटकलें शुरू हो गईं कि चीनी अधिकारी उनकी जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ली यूचाओ को अरेस्ट करके उनके खिलाफ जांच चल रही है। यह अटकल उस समय और तेज हो गई जब चीन के विदेश मंत्री किन गांग भी ठीक उसी समय लापता हो गए। कई लोग पीएलए के रॉकेट फोर्स में चल रहे संकट और चीनी विदेश मंत्री के लापता होने में कनेक्शन बता रहे हैं। चीन की सेना में पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल याओ चेंग ने ट्वीट करके बताया था कि रॉकेट फोर्स के वर्तमान कमांडर को उनके ऑफिस से ले जाया गया है। खबरों के मुताबिक ली यूचाओ का बेटा अमेरिका में पढ़ रहा है। जहां इस बात का डर सताया जा रहा है कि उसने चीनी सेना के सीक्रेट को बेच दिया है। चीनी सेना के कई उच्चाधिकारियों को हिरासत में लिया गया है और उनके साथ पूछताछ चल रही है।

### नाइजर में सैन्य तख्तापलट के बाद अपने व यूरोपीय नागरिकों को निकालने में जुटा फ्रांस

**नाइजर।** नाइजर के सैन्य तख्तापलट को बागी सैनिकों द्वारा शासित तीन पश्चिमी अफ्रीका देशों का समर्थन मिलने के बाद मंगलवार को फ्रांस वहां (नाइजर) से फ्रांसीसी एवं यूरोपीय नागरिकों को निकालने की तैयारी में जुट गया। उसने अपने नागरिकों से एक छोटे बैग के अलावा और कोई सामान साथ नहीं रखने को कहा है। पेरिस में फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने अपने इस निर्णय का कारण हाल की हिंसा को बताया जिसमें नाइजर की राजधानी नियामी में फ्रांसीसी दूतावास को निशाना बनाया गया था। मंत्रालय ने कहा कि नाइजर के विमानक्षेत्र को बंद किये जाने से ह्य हमारे फ्रांसीसी नागरिकों के लिए अपने साधनों से देश छोड़ना मुश्किल हो गया है।' फ्रांसीसी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नाइजर के लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहमद बाजौम के खिलाफ पिछले सप्ताह तख्तापलट से गहराते संकट के बीच फ्रांसीसी एवं अन्य यूरोपीय लोगों को वहां से निकालने का अभियान शुरू किया जा रहा है।

# बूढ़ा पहाड़ व सरकार

***झारखंड*** में उग्रवाद का गढ़ बूढ़ा पहाड़ मुक्ति के कगार पर है। या यूं कहें मुक्ति हो गया है। यह सरकारी दावे हैं। लेकिन सच्चाई की पाठशाला में यहां अभी भी पढ़ाई जारी है। यही कारण है कि पिछले दिनों माओवादी दस्ता इलाके में चहलकदमी करते देखा गया है। वैसी स्थिति में सरकार ने झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ के विकास की योजना बनायी है। यह सराहनीय कदम है। कारण उग्रवाद के रहते किसी भी राज्य में विकास की कल्पना बेकार है। लंबे समय से नक्सल गतिविधियों का केंद्र रहे बूढ़ा पहाड़ का बड़ा हिस्सा झारखंड के दो जिलों लातेहार व गढ़वा में पड़ता है। यह सभी जानते हैं। यह दो जिले या यूं कहा जाये पलामू भी उग्रवाद के लिए सुरक्षित अभयारण्य के रूप में पूरे देश में प्रसिद्ध रहा है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयास से हाल ही में बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त कर विकास की योजनाओं का श्री गणेश किया जाना यह बतलाता है कि राज्य सरकार ऐसे मामलों में गंभीर है। यही कारण है कि सीएम के निर्देश पर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भू-राजस्व सचिव अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनायी गयी थी। कमेटी में लातेहार और गढ़वा के डीसी भी बतौर सदस्य शामिल थे। भू-राजस्व सचिव अमिताभ का पलामू प्रमंडल से गहरा लगाव रहा है। कारण वह पलामू के डीसी रह चुके हैं। इसलिए वह यहां की भौगोलिक बनावट से वह परिचित हैं। अब समिति ने बूढ़ा पहाड़ के विकास की योजना तैयार कर ली है और इसके लिए अहम सुझाव दिये हैं। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि यहां विकास होते हैं तो निश्चित रूप से उग्रवाद का पूर्णतः सफाया निश्चित है। इसके अंतर्गत यहां सबसे पहले महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। यह दूरगामी रणनीति का एक पार्ट है। इसके अंतर्गत महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ कर उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने और बच्चों को स्कूल ले जाकर शिक्षित करने पर जोर दिया गया है। क्षेत्र के सभी परिवारों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की बात कही गयी है। इसके लिए मनरेगा समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने की पहल करने की सलाह दी गयी है। क्षेत्र में सभी लोगों को पक्का आवास निर्माण कर देने के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस बाबत गढ़वा डीसी कि बात को सच मानी जाये तो बूढ़ा पहाड़ आदिवासी बहुत इलाका है। यहां विकास योजनाओं के लिए लोगों को सहमत करना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि समिति ने विकास के विभिन्न बिंदुओं पर अध्ययन और क्षेत्र का सर्वे कर योजना बनायी है। रिपोर्ट जल्दी ही राज्य सरकार को सौंपी जायेगी। अब सरकार को यह तय करना है कि इस रिपोर्ट को वह कैसे क्रियान्वित कराती है। टीम की बनायी गई रिपोर्ट जमीन पर उतरने लायक बनायी गयी है। रिपोर्ट बनाने के पूर्व बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का सर्वे किया गया है। पंचायत, गांव और वहां बसे सभी परिवारों का सर्वे किया गया है। सारंडा एक्शन प्लान की तरह बूढ़ा पहाड़ के विकास के लिए इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में कुल 11 गांवों को शामिल कर विकास योजना बनायी गयी है। इसमें से छह गांव पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जबकि पांच गांव गढ़वा जिला में पड़ते हैं। समिति ने इन सभी गांवों के सामाजिक और आर्थिक विकास की योजना बनायी है। वहां आधारभूत संरचना रोड तैयार करने के लिए पुल-पुलिया निर्माण करने, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य सब सेंटर बनाने का सुझाव दिया गया है। यह रिपोर्ट सचमुच कायाकल्प करने वाली है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य के मुखिया इसे हरि झंडी दिखलायेगें।

**क्षेत्र में सभी लोगों को पक्का आवास निर्माण कर देने के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस बाबत गढ़वा डीसी कि बात को सच मानी जाये तो बूढ़ा पहाड़ आदिवासी बहुत इलाका है।**

# हिमालय राष्ट्रीय मुद्दा है, राजनैतिक नहीं





कुलभूषण उपमन्यु

***हिमालय*** की पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय सुरक्षा एक राष्ट्रीय मुद्दा है और सीमाओं की सुरक्षा जितना ही महत्वपूर्ण भी है। आखिर हम सीमाओं की सुरक्षा अपनी मानव आबादी की खुशहाली, संसाधनों के सदुपयोग और सुरक्षा एवं सतत विकास के लिए ही तो करते हैं। हिमालय एक सबसे कम आयु की पर्वत श्रृंखला है जो अभी तक भी निर्माण की अवस्था में है। इस कारण इसकी चट्टानें अभी तक भी भुरभुरी और नाजुक हैं। हिमालय की पारिस्थितिकीय सुरक्षा का मसला एक देशीय भी नहीं है। हिमालय के आगोश में बसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, बांग्लादेश, और म्यांमार तक सभी हिमालय में हो रही पर्यावरणीय गडबड़ियों के शिकार हो रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि हम सभी हिमालयी परिस्थिति से प्रभावित देश आपस में मिलकर कोई साझा कार्यक्रम बनाने की समझदारी विकसित करते, किन्तु स्थिति तो यह है कि हम अपने देश के अंदर ही हिमालय के स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं हैं। झेल तो सभी देश रहे हैं। चीन, पकिस्तान बांग्लादेश और भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं। तकनीक के अहंकार ने हमें अंधा बना दिया है। हम सोचते हैं कि हम इस नाजुक पर्वत से मनमानी छेड़छाड़ करके इसकी नाजुकता पर पार पा सकते हैं। किन्तु साल दर साल बढ़ती जाती तबाही से भी हम सीखने को तैयार नहीं हैं। चीन जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली देश है, वह भी इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं कर पा रहा है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जक बन गया है। उसकी होड़ में बाकी एशियाई देश भी पीछे रहने के लिए तैयार नहीं हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि में लगातार अपना योगदान बढ़ाते जा रहे हैं, जिसके कारण जलवायु परिवर्तन का जिन्न हमारे सामने मुंह बाए खड़ा हो गया है। पिछले साल की बाढ़ों से हुई तबाही से पाकिस्तान आज तक नहीं उबर पाया है, किन्तु इन सब देशों के प्राथमिकता वाले मुद्दे अपने अपने हिमालय की संभाल करने के आसपास भी नहीं हैं। हम भी कहां पीछे रहने वाले हैं। बेतरतीब सड़क निर्माण, बड़े, छोटे बांध निर्माण, हिमालय के सीने तक रेल ले जाने की योजना, पर्यटन का मनमाना स्वरूप, नदी किनारे तक आवास बनाने की अहंकारी सोच, सारे विकास के नाम पर, बिना पूरी वैज्ञानिक समझ से किये जा रहे काम हिमालय की नाजुक ढलानों को अस्थिर करते जा रहे हैं। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। उस स्थिर हिमालय को हमने अस्थिर कर दिया है। इस वर्ष ताजा बरसात में ही हिमाचल प्रदेश में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। 150 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। 8000 करोड़ रुपये की निजी और सार्वजनिक संपत्ति की हानि हो चुकी है। बरसात अभी भी सिर पर ही है। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, और कांगड़ा जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हिमालय में पहले भी बाढ़ का प्रकोप होता रहा है। किन्तु जलवायु परिवर्तन ने उसकी तीव्रता को और बढ़ा दिया है। हम इस तथ्य से भली भांति परिचित भी हैं। फिर भी उस ओर ध्यान देने की हमारी मंशा ही नहीं होती है। हमारी लड़ाइयां राहत राशि ज्यादा से ज्यादा लेने तक सीमित हो जाती हैं। केंद्र सरकार भी कुछ राहत राशि दे कर अपनी जिम्मेदारी का इतिश्री कर लेती है। बरसात निकल गई और सब भूल जाते हैं। हमने अपनी गलत हरकतों को छुपाने के लिए प्राकृतिक आपदा को बहाने की तरह प्रयोग करने की कला सीख ली। इसलिए सरकारें और निहित स्वार्थ, भारी बरसात के कारण तबाही हुई ऐसा साबित करने में अपनी शक्ति लगा देते हैं। हमने अपनी गैर जिम्मेदार ढांचागत विकास गतिविधियों के कारण तबाही को कितना आमंत्रित किया है, इस बात को सामने लाने से बचते रहते हैं। जो लोग इस तरह के विकास की कमियों को उजागर करने का साहस करते हैं उन्हें विकास विरोधी घोषित कर दिया जाता है। यह एक आधुनिक गाली की तरह उपयोग होने वाला शब्द बन गया है। किन्तु सच देखने-दिखाने के लिए और स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए हमें यह गाली खाने का खतरा तो उठाना ही चाहिए। हम विकास विरोधी हैं भी नहीं। केवल गलत दिशा और तकनीकों के विरोधी हैं। हमारी आवाज हर सरकार के समय एक ही रही है। चाहे भाजपा हो या कांगेस। इसलिए हमें किसी दल का समर्थक या विरोधी मानने की गलती भी न की जाए, क्योंकि इससे हम एक राष्ट्रीय मुद्दे को दलगत राजनीति में घसीट कर महत्वहीन बनाने का गुनाह कर रहे होंगे। हम भारतीय परंपरा पर गर्व करते हैं किन्तु यह भूल जाते हैं कि भारतीय परंपरा तो मूल रूप से पर्यावरण मित्र जीवन पद्धति अपनाने पर बल देकर ही गौरवमय हुई है। वर्ष 2012 में शिमला में हिमालयी राज्यों का जलवायु परिवर्तन पर कॉनक्लेव हुआ था, जिसमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ तत्कालीन केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने भी शिरकत की थी। इस दौरान हिमालय नीति अभियान द्वारा हिमालय में अवैज्ञानिक तरीके से विकास के कारण होने वाली तबाहियों के बारे में प्रदेश की जनता की चिंताओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में एक्शन प्लान बनाया गया। उसमें भी दरपेश खतरों को चिह्नित किया गया था और सुधार के लिए एक कार्ययोजना बनाई गई थी। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की गंभीरता को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालने की तैयारी की बात की गई थी। उसमें स्पष्टतः मुद्दों को परिभाषित करने के अच्छे प्रयास हुए थे, किन्तु जमीन पर कोई हलचल दिखाई नहीं देती है। खासतौर पर निर्माण गतिविधियों में कोई सुधार दृष्टि गोचर नहीं होता है। 2021 में कार्ययोजना को पुनः वर्तमान जरूरतों के अनुसार संशोधित किया गया। 2008 की केन्द्रीय जलवायु परिवर्तन पर कार्ययोजना के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में भी चिह्नित मुद्दों पर नीतियां बनाई गईं। उनमें कुछ ही पर कार्य हुआ, शेष नीतियां जमीन पर उतरने का इंतजार कर रही हैं। किन्तु सड़कों वाले प्रभाग में सड़क सुरक्षा, पर्यावरण मित्र वाहनों को टैक्स प्रोत्साहन और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था रोप-वे आदि के प्रोत्साहन के स्वागत की बात तो रखी गई है किन्तु सड़क निर्माण द्वारा हो रही वनों की तबाही और अवैध डंपिंग द्वारा भूस्खलन का कोई जिक्र नहीं है और न ही सड़क निर्माण तकनीक सुधार कर हिमालय के परिस्थितिक संतुलन को हो रहे नुकसान से बचने की ओर कोई ध्यान दिया गया है। टिकाऊ विकास के लिए टिकाऊ सड़क निर्माण चाहिए, किन्तु उसकी बात नहीं की गई है। हिमालय में टिकाऊ विकास के लिए हर गतिविधि को टिकाऊ बनाना पड़ेगा। नियोजित शहरी और ग्रामीण विकास की नीति भी बनी किन्तु नदी किनारे तक ब्यास बेसिन में भवन निर्माण की ओर ध्यान क्यों नहीं गया।

**चीन, पकिस्तान बांग्लादेश और भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा गुरु द्रोणाचार्य की

***द्रोण*** को अपने द्वार पर आया देख परशुराम ने उनसे कहा- 'विप्रवर! आप विलम्ब से आये। मैं तो अपनी सारी संपत्ति दान कर चुका हूं। अब तो मेरा यह शरीर और मेरी धनुर्विद्या ही मेरे पास बची है। बताइये मैं आपको कैसे उपकृत करूं?' 'प्रभु! आप मुझे अपनी समस्त धनुर्विद्या का ज्ञान दीजिए।' द्रोणाचार्य ने परशुराम के सम्मुख नतमस्तक होकर कहा। परशुराम ने द्रोण की प्रार्थना स्वीकार कर ली और उन्हें अपनी पूरी धनुर्विद्या सिखा दी। अपनी शिक्षा समाप्त करके द्रोणाचार्य लौटे तो उन्हें पता चला कि पांचाल देश के राजा पृषत का देहावसान हो गया है और उनके स्थान पर उनका पुत्र द्रुपद पांचाल नरेश हो गया है। द्रोण अपने सहपाठी मित्र द्रुपद से मिलने पांचाल देश पहुंचे और अपने मित्र से मिलकर कहा- 'मित्र द्रुपद! मुझे पहचाना? मैं तुम्हारा सहपाठी मित्र द्रोण हूं।' परंतु द्रुपद ने भरे दरबार में राजमद् के अहंकार में द्रोण का अपमान करते हुए कहा– 'अरे ब्राह्मण! तेरा ऐसा साहस कि तू एक निर्धन ब्राह्मण होकर मेरे साथ मित्रता का दम्भ भरे। क्या तू इतना भी नहीं जानता कि दरिद्र व्यक्ति की धनी के साथ, मूर्ख की विद्वान के साथ और कायर की वीर के साथ कभी मित्रता नहीं हो सकती। मित्रता बराबर की हैसियत वालों में ही होती है। मैं राजा हूं और तू एक निर्धन भिखारी। तेरे साथ मेरी मित्रता कैसे हो सकती है। जा, चला जा यहां से।' द्रोण अपमान का घूंट पीकर वहां से चले आए। उन्होंने उसी क्षण संकल्प कर लिया कि वे इस अभिमानी राजा को सबक सिखायेंगे। वे अपनी पत्नी और पुत्र के साथ हस्तिनापुर अपने साले कृपाचार्य के पास पहुंचे और गुप्त रूप से वहां रहने लगे। परशुराम से शिक्षा ग्रहण करते समय उनकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई थी। स्वयं भीष्म पितामाह भी उनकी धनुर्विद्या के प्रशंसक थे। इसी कारण द्रोण हस्तिनापुर में अपने आपको छिपाकर रह रहे थे।

(क्रमशः)

# दुनिया में डिजिटल युग की चुनौतियां



डॉ.जे.एम.व्यास

***जैसे***-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल युग में अपना विस्तार कर रही है, नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मेटावर्स जैसी तकनीक की प्रगति ने कला और संग्रहणीय बाजार, वाणिज्य और संचार सहित समाज के विभिन्न पहलुओं में क्रांति ला दी है। जहां ये नवाचार अपार अवसर और लाभ पहुंचा रहे हैं, वहीं यह अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में अत्याधिक चुनौतियां भी पेश कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र और तैयार कर रहे हैं। इससे गोपनीयता संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी) के आसमान छूते उपयोग के साथ, उपयोगकर्ताओं को ठगने और उनके डिजिटल वॉलेट से धन की चोरी करने के उद्देश्य से द्वेषपूर्ण एनएफटी घोटालों में वृद्धि देखने को मिल रही है। मेटावर्स अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है लेकिन उपभोक्ताओं को उन सुरक्षा और गोपनीयता उपायों को समझने की आवश्यकता है जो प्लेटफार्म एनेबलर प्रदान करते हैं। साइबर खतरे के परिदृश्य की जटिलता बढ़ गई है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलों के माध्यम से उद्योगों, शिक्षा जगत और सरकार के बीच उच्च स्तरीय सहयोग की आवश्यकता है। एक सुरक्षित और भरोसेमंद साइबर स्पेस को बढ़ावा देने के लिए इन उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए गृह मंत्रालय ने 13-14 जुलाई को गुरुग्राम (हरियाणा) में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन की मेजबानी की। नॉन फंजीबल टोकन्स ने 2014 के बाद से कला बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे डिजिटल संपत्ति के लिए डिजिटल स्वामित्व और उत्पत्ति स्थान सत्यापन सक्षम हो गया है। एनएफटी बाजार 2028 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि यह क्रांतिकारी तकनीक आपराधिक गतिविधियों के लिए नये द्वार भी प्रस्तुत करती है। नकली एनएफटी, अनधिकृत नकल और कॉपीराइट का उल्लंघन डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में प्रमुख चिंताएं बन चुकी हैं। इसके अलावा, एनएफटी लेनदेन में उपयोग की जाने वाली क्रिप्टो करेंसी से जुड़ी गुमनामी मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अवैध वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकती है। इसके अलावा, एनएफटी प्लेटफॉर्म में मौजूद प्रतिभूतियों के मुद्दे और अतिसंवेदनशीलता एक परिष्कृत साइबर हमले का कारण बन सकती हैं, जिससे भारी वित्तीय और साथ ही प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी लेनदेन की प्रामाणिकता और वैधता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियामक ढांचे स्थापित करने, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने और जी20 देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार ने विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। साइबर सुरक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भविष्यसूचक बाजार/मौसम विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है। हालांकि, साइबर अपराधीजटिल साइबर हमलों को अंजाम देने और एआई-संचालित फर्जी योजनाएं शुरू करने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव सकारात्मक प्रगति के साथ, नकारात्मक परिणामों को भी शामिल करता है। अपराधियों के बीच जटिल साइबर हमलों को अंजाम देने, पहचान की चोरी करने और दुष्प्रचार करने के लिए एआई का उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

**एनएफटी बाजार 2028 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि यह क्रांतिकारी तकनीक आपराधिक गतिविधियों के लिए नये द्वार भी प्रस्तुत करती है।**

डिजिटल

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# राहुल तलाशेंगे कांग्रेस छोड़ गये नेताओं के चेहरे



यशोदा श्रीवास्तव

***राहुल*** गांधी के कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा की धूम की गूंज अभी थमी नहीं कि दूसरे पदयात्रा की घोषणा हो गई। एक दो दिन में तारीख तय हो जायेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा तैयार की गई राहुल की पदयात्रा 2 के बाबत जानकारी यह है कि गुजरात के पोरबंदर से त्रिपुरा की राजधानी अगरतला तक की उनकी पदयात्रा की शुरूआत 15 अगस्त या दो अक्टूबर से प्रारंभ होगी और इसकी जो समय सीमा है वह लोकसभा चुनाव के घोषणा तक है। राहुल के दूसरी पदयात्रा की खास बात, उनकी पहले की पदयात्रा में जो प्रदेश छूट गये थे उसके अधिक से अधिक भू-भाग तक पंहुच हासिल कर उसमें पड़ने वाले विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क व सभायें करना है। खबर है कि इस दौरान उनके सर्वाधिक दिन यूपी में गुजारने की है। यूपी में भाजपा की मजबूती की एक वजह अयोध्या, मथुरा और काशी भी है। चुनाव में हिंदुओं के इन धर्म स्थलों का नाम लेकर धर्म ध्वजा खूब लहराया जाता है। राहुल यूपी में लंबे समय तक पदयात्रा कर लोगों को यह जरूर बतायेंगे कि मनुष्य के जीवन धर्म रक्षा के अलावा और भी बहुत कुछ है। वे भी काशी, मथुरा और अयोध्या में जाकर दर्शन पूजन करेंगे ही ताकि स्मृति इरानी यह न कह पाये कि 'यूपी में आए हैं तो यह निर्लज्जता तो न दिखाते, अरे हिंदू हैं तो अयोध्या, काशी और मथुरा के दर्शन तो कर लिए होते'? राहुल गांधी की कोशिश होगी कि वे अपने पदयात्रा के जरिये यूपी में 'इंडिया' को भाजपा के समानांतर खड़ा कर पाएं। इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिलेगी, कह पाना मुश्किल है। राहुल गांधी के पहले पदयात्रा को भजपा जहां मजाक में ले रही थी वहीं इस बार राहुल के पदयात्र की काट ढूंढने में मशगूल हैं। पहले की पदयात्रा और दूसरी बार की पदयात्रा में अंतर यह है कि राहुल गांधी की पहली पदयात्रा जहां खुद उनकी अकेले की थी वहीं इस बार यह यात्रा 26 दलों के एलायंस 'इंडिया' की होने जा रही है। यूपी में राहुल के साथ अखिलेश और जयंत चौधरी भी होंगे। राहुल गांधी की दूसरी पदयात्रा के बीच एक सवाल यूपी को लेकर है जहां 80 लोकसभा की सीटें हैं और यहां कांग्रेस के एक से एक दिग्गज नेता पार्टी छोड़ भाजपा में जा चुके हैं। पदयात्रा के जरिये राहुल गांधी यूपी कांग्रेस में डा.संजय सिंह, आरपीएन सिंह, जितिन प्रसाद, राजकुमारी रत्ना सिंह, रीता बहुगुणा जोशी, जगदंबिका पाल जैसे चेहरों की भी तलाश करेंगे जो यूपी में इनकी कमी दूर कर पायें। यूपी की 80 सीटों पर कांग्रेस के पास उम्मीदवारों का टोटा भी है। यहां कांग्रेस की हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विधानसभा में उसके सिर्फ दो विधायक हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तस्वीर निहायत बदरंग होकर उभरी थी। 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारे के साथ खांची भर महिलाएं चुनाव मैदान में उतरी जरूर लेकिन सफल हुईं सिर्फ एक। प्रतापगढ़ के रामपुर खास से मोना मिश्रा! मोना मिश्रा कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की पुत्री हैं। मौजूदा हाल में कांग्रेस में दो ब्राह्मण चेहरा हैं जो तिकड़म की राजनीति के सहारे राज्य सभा की कुर्सी पर विराजमान हैं। एक हैं प्रमोद तिवारी दूसरे राजीव शुक्ला! राजीव शुक्ला पत्रकारिता के जरिये गांधी परिवार के निकट आये जिसका लाभ उन्हें स्वभावतया मिलता रहा लेकिन प्रमोद तिवारी की पहचान एक ऐसे 'जननेता' की है जो प्रतापगढ़ जिले की अपनी परंपरागत सीट रामपुर खास से आगे ही नहीं बढ़ पाया। कांग्रेस का यह जननेता अपने विधानसभा सीट से सदैव अपराजेय रहा लेकिन अगल बगल की सीट पर कोई असर नहीं डाल पाया।

**पदयात्रा के जरिये राहुल गांधी यूपी कांग्रेस में डा.संजय सिंह, राजकुमारी रत्ना सिंह, रीता बहुगुणा जोशी, जगदंबिका पाल जैसे चेहरों की भी तलाश करेंगे जो यूपी में इनकी कमी दूर कर पायें।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# फैशन डिजाइनिंग में ऐसे चमकायें अपना करियर

आजकल के दौर में हर कोई स्टाइलिश और फैशनेबल दिखना चाहता है। कुछ लोगों को फैशन की सेंस काफी अच्छी होती है। अच्छे फैशनसेंस से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है। अगर आप अपनी इस हॉबी को करियर में बदलना चाहते हैं तो ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। आज के दौर में हर कोई फैशनेबल दिखना चाहता है। ऐसे में अच्छे और फैशनेबल कपड़े पहनने से लोगों में कांफिडेंस आता है। खुद को प्रजेंटेबल बनाना, फैशन के मुताबिक तैयार होना या ऐसे कपड़े पहनना जो आपको पर्सनालिटी को प्रभावी बनाएं या आपको स्टाइलिश दिखाएं। ऐसा करना सभी लोगों को पसंद होता है। लेकिन कुछ लोग इतने प्रतिभावान होते हैं कि वह अपने आउटफिट को खुद डिजाइन करना पसंद करते हैं। वहीं कुछ बच्चे भी फैशन डिजाइनिंग के मामले में खासा इंट्रेस्ट रखते हैं। अपनी इसी प्रतिभा को निखारने के लिए और नई स्किल में डेवलपमेंट कर फैशन डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। आपको बता दें कि भारत में कई ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। जो छात्रों को अपनी स्किल्स निखारने का मौका देते हैं। इसके साथ ही फैशन डिजाइनिंग के यह कोर्स आपको अधिक विकसित करने का काम करता है। इन कोर्सेज को करने के लिए स्टूडेंट को कहीं जाने की जरूरत नहीं होती है। आप इस कोर्स को आसानी से घर पर ही बैठकर कर सकते हैं। जो भी स्टूडेंट फैशन डिजाइनिंग की हॉबी को अपने करियर के तौर पर बनाना चाहते हैं। उनके लिए फैशन डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स के जरिए छात्रों को फैशन कोर्स की बेसिक नॉलेज के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इसमें कई तरह के कोर्स होते हैं। जो आप एकदम फ्री में कर सकते हैं। हालांकि सर्टिफिकेट के लिए आपको नाममात्र फीस का भुगतान करना होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको टॉप ऑनलाइन कोर्सेज के बारे में बताने जा रहे हैं।

## फैशन डिजाइनिंग में टॉप ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

**पैटर्न स्डीयिंग एंड मेकिंग**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 12 सप्ताह

मॉडल एंड कंटेंपरेरी आर्ट एंड डिजाइन
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 7 महीने

फ्यूचर एंड ऑप्शन एंड टैक्सटाइल्स
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह

ब्रांडिंगः इन क्रिएटिव जर्नी
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 महीने

डिजाइन एंड क्रिएटिंग स्कर्ट
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

सर्कुलर फैशन
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री



कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

डिजाइन एंड क्रिएटिंग ट्राउजर्स
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

ऑनलाइन फैशन डिजानिंग कोर्स
संस्थान का नाम - शॉ अकादमी
कोर्स की अवधि - 4 सप्ताह
कोर्स की फीस - फ्री

फैशनल डिजाइन
संस्थान का नाम - ऑक्सवर्ड होम स्टडी संटेर
कोर्स की अवधि - 20 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

फैशन एस डिजाइन
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की अवधि - 20 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

डिजाइन द क्रिएशन ऑफ आर्टिफेक्ट एंड इन सोसायटी
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 15 घंटे

ब्रांड आईडेंटिटी एंड स्ट्रेटजी
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 14 घंटे

मैनेजमेंट ऑफ फैशन एंड लग्जरी कंपनी
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 12 घंटे

ब्रांडिंग एंड कस्टमर एक्सपीरियंस
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 11 घंटे

ब्रांडिंग एंड कस्टमर एक्सपीरियंस इंटरमीडिएट लेवल
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 11 घंटे

डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 10 से 15 घंटे

रिंक्लिंग- रेजिस्टेंस, स्टिफ एंड सॉफ्ट फर्निशिंग ऑफ टेक्सचर
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 10 से 15 घंटे का समय

टेक्सटाइल फर्निशिंग ऑफ वुल एंड सिंथेटिक फाइबर
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 घंटे

स्सटेनेबल फैशन
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की अवधि - 5 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

रिंक्लींग रेजिस्टेंट फर्निशिंग
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 से 6 घंटे

वॉटरप्रूफ, सॉइल रिलीज एंड फयर -रेडिएंट फिनिशिंग ऑफ टेक्सटाइल
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 3 घंटे

फैशन इकॉमर्स इन एक्सडी
संस्थान का नाम - कोर्सेरा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

फैशन डिजाइनः इनट्रोडक्शन टेक्निकल फ्लैट
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

फैशन डिजाइन पेटर्न मेकिंग पार्ट 1
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

इंस्पायर्ड फैशन डिजाइन
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

फैशन डिजाइन सीरिजः क्रिएटिव असम मूड बोर्ड
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

द स्टेप ऑफ फैशन डिजाइन
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

द इंस्पिरेशनः वेयर फैशन डिजाइनिंग बिगंस
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

3D फैशन डिजाइन एंड सिमुलेशन
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

फैशन डिजाइन 101 मेकिंग ऑफ गेदर हैंगिंग टॉप
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

इंट्रोडक्शन टू फैशन इन लिंजरी
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

❖ अनन्या मिश्रा



# इन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए बेहतरीन कॅरियर ऑप्शन

महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय करने में अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं। पुराने भारत से लेकर नए भारत तक की महिलाओं की तस्वीर दिन प्रति दिन बदलती जा रही है। एक समय तक महिलाओं को घर की चारदीवारी के लिए बेहतर माना जाता था। लेकिन अब महिलाएं घर की दहलीज पार कर काम करने लगी हैं। महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय कर लिया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं। इतना ही नहीं हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी योग्यता का भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे क्षेत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर महिलाएं अपना बेहतर कॅरियर बना सकती हैं। यह टॉप 3 फील्ड महिलाओं को बेहतरीन कॅरियर के साथ स्मार्ट सैलरी भी देंगी।

**टीचिंग :** महिलाओं के लिए टीचिंग हमेशा से ही बेस्ट कॅरियर रहा है। इस प्रोफेशन में जाने के लिए परिवार का भी कोई ऑब्जेक्शन नहीं होता है। टीचिंग फील्ड में अच्छा पैसा होने के साथ ही रुतबा भी है। इस क्षेत्र में कॅरियर बना कर आप लोगों की जिंदगी में अहम रोल निभा सकती हैं। हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। इस जॉब के साथ समय भी अच्छे से मैनेज हो जाता है। एक दशक से इस फील्ड में नौकरी के अवसर भी बढ़े हैं। प्राइमरी हो या डिग्री हर जगह अच्छी सैलरी मिलती है। इस फील्ड में आपको 55,000 से 2,25,000 रुपए तक प्रतिमाह पा सकती हैं।

**न्यूट्रिशन या फिटनेस :** आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ी है। हर कोई फिट और सेहतमंद रहना चाहती है। इस क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाए हैं। अगर आप योग, न्यूट्रिशन व एक्सरसाइज एक्सपर्ट्स हैं। तो इस फील्ड में अपना शानदार कॅरियर बना सकती हैं। आप इसकी शुरूआत डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी कर सकती हैं। इस फील्ड में महिलाएं साल भर में 3-4 लाख रुपए सालाना कमा सकती हैं।

**ह्यूमन रिसोर्स :** कॉर्पोरेट सेक्टर में नौकरी की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए यह क्षेत्र काफी अच्छा है। आप ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में MBA या PGDM करने के बाद इस फील्ड में नौकरी कर सकती हैं। जो महिलाएं लोगों की समस्या को सॉल्व करने करने में दिलचस्पी रखती हैं। यह जॉब उनके लिए बेस्ट है। ह्यूमन रिसोर्स में कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट करने के बाद उनका इंटरव्यू करना, उन्हें ट्रेंड करना, सैलरी, विश्लेषण, पॉलिसी बनाना साथ ही साथी कर्मियों की देखभाल करना होता है। इस फील्ड में 3-4 लाख रुपए साला कमा सकती हैं। वहीं एक्सपीरियंस के बाद सैलरी भी बढ़ती जाती है।

# जुबान की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**
**मो. नं. 73 8657 8657**
**(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)**

लड़की का पिता शारीरिक रूप से तो खड़ा था, किंतु मानसिक रूप से साष्टांग जमीन पर लेटे हुए लड़के के बाप की खातिरदारी कर रहा था। 'भविष्य बहू निरीक्षण' हेतु लड़के के पिता, मां, लड़का स्वयं, ललिता पवार शैली की बुआ आदि सभी लड़की के घर आ चुके थे। आते ही लड़के के पिता ने ट्रावेल अलवेंस बिल लड़की के पिता के हाथों में रख दिया। इस बिल में अपने घर से रेलवे स्टेशन का टैक्सी का भाड़ा, कुली का खर्च, एसी फर्स्ट क्लास का चारों का शताब्दी किराया, यात्रा के दौरान नाश्ते भोजन का व्यय, फिर बेंगलुरु उतरते ही कुली का किराया, टैक्सी का भाड़ा, ये सभी एक तरफ के जंबोपैक खर्च सम्मिलित थे। लड़की के पिता को सादे कागज पर यह बिल थमाते हुए लड़के का पिता बोला- 'हम चाहें तो इससे भी ज्यादा खर्च कर सकते थे, किंतु शरीफ घराने से होने का कुछ तो लिहाज रखना पड़ता है न। इसीलिए कम ही हम चार्ज कर रहे हैं, इसी का दुगना हमें दे दें ताकि विवाह-संबंध की चर्चा आगे बढ़ाई जा सके।'
'चेक चलेगा?' लड़की के पिता ने निवेदन करते हुए कहा। 'नहीं-नहीं। बिल्कुल नहीं। चेक तो धोखा देने का नया बहाना है। पता चला कि अकाउंट में पैसे नहीं है। तब इस चेक का क्या करेंगे। चाटने के सिवाय। चेक में हमारा विश्वास नहीं रहा। हो सके तो मेरे नाम का बैंक ड्राफ्ट ही बनवा दो। नहीं तो सीधे-सीधे नकद राशि ही दे दें। हम बेवजह के सिरदर्द नहीं पालना चाहते' - लड़के का पिता बोला। लड़की के पिता ने डिमोनाइटेजेशन के दौर में जैसे-तैसे एकदम कैश में बीस हजार रुपयों का जुगाड़ किया। लड़के के पिता के चरणों पर रखते हुए दया की भीख मांगते हुए विवाह की चर्चा आगे बढ़ाने पर जोर दिया। जैसे ही विवाह की बातचीत आगे बढ़ने को हुई कि सब सदस्यों की उपस्थिति में लड़के की मां, लड़की के एकदम नजदीक जा पहुंची। उसने लड़की

> **'भविष्य बहू निरीक्षण' हेतु लड़के के पिता, मां, लड़का स्वयं, ललिता पवार शैली की बुआ आदि सभी लड़की के घर आ चुके थे। आते ही लड़के के पिता ने ट्रावेल अलवेंस बिल लड़की के पिता के हाथों में रख दिया। इस बिल में अपने घर से रेलवे स्टेशन का टैक्सी का भाड़ा, कुली का खर्च, एसी फर्स्ट क्लास का चारों का शताब्दी किराया, यात्रा के दौरान नाश्ते भोजन का व्यय, फिर बेंगलुरु उतरते ही कुली का किराया, टैक्सी का भाड़ा, ये सभी एक तरफ के जंबोपैक खर्च सम्मिलित थे।**

से कहा - बेटी अपनी जुबान दिखाओ। यह सुनते ही लड़की का पिता घबराया। उसने कहा - बहन जी कोई लड़की की जुबान देखता है भला? उसका हाथ-पैर देखता है। गुण देखता है। लेकिन आप हैं कि सीधे जुबान देखने की बात कर रही हैं। माजरा कुछ समझ में नहीं आया। लड़के की मां ने कहा - देखिए भाई साहब। जमाना बड़ा बदल गया है। हाथ-पैर जैसे भी हो चल जाएगा। लेकिन जुबान बड़ी निकली तो हमारा जीना दुश्वार हो जाएगा। इसीलिए आज के जमाने में लड़की की जुबान देखकर रिश्ते पक्के करने चाहिए।
लड़की के पिता ने हाथ जोड़ते हुए कहा - मैंने अपनी लड़की को खूब पढ़ाया-लिखाया है। अच्छा-बुरा सब जानती है। गलत होने पर सवाल भी करती है। कभी-कभी बहस भी करती है। जरूरत पड़ी तो कोर्ट-कचहरी तक चली जाती है। सौ बात की एक बात मेरी बिटिया की जुबान लंबी है। इतनी लंबी कि आप लोग कुछ बुरा करेंगे तो आपको भी नहीं बक्शेगी। इसलिए आपसे मेरा निवेदन है कि तुरंत यहां से चले जाएं। इसी में आपकी भलाई है। लड़के वाले जाते-जाते इतना कह गए कि जिस लड़की के पिता की जुबान इतनी लंबी है उस लड़की की जुबान कितनी लंबी होगी। अच्छा हुआ रिश्ता बनने से पहले ही टूट गया। अच्छा हुआ कि हमारी जुबान उनकी तरह नहीं है।

## सूडोकु नवताल- 6779

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6778 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**02 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2023 वर्ष का 214 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** अधि.श्रावण **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 20.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 12.58 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 14.33 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 10.04 बजे तदनन्तर कौलव 20.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 53'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871693
**जूलियन दिन** 2460158.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 14

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | कर्क में | **सिंह** | 06.41 बजे से |
| **चंद्र** | मकर में | **कन्या** | 08.53 बजे से |
| **मंगल** | सिंह में | **तुला** | 11.04 बजे से |
| **बुध** | सिंह में | **वृश्चिक** | 13.18 ब.से |
| **गुरु** | मेष में | **धनु** | 15.34 बजे से |
| **शुक्र** | सिंह में | **मकर** | 17.39 बजे से |
| **शनि** | कुंभ में | **कुंभ** | 19.26 बजे से |
| **राहु** | मेष में | **मीन** | 20.59 बजे से |
| **केतु** | तुला में | **मेष** | 22.29 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | **वृष** | 00.09 बजे से |
| | | **मिथुन** | 02.07 बजे से |
| | | **कर्क** | 04.21 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **लाभ** | 05.54 से 07.22 बजे तक | **उद्वेग** | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| **अमृत** | 07.22 से 08.51 बजे तक | **शुभ** | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| **काल** | 08.15 से 10.19 बजे तक | **अमृत** | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| **शुभ** | 10.19 से 11.47 बजे तक | **चर** | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| **रोग** | 11.47 से 01.16 बजे तक | **रोग** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **उद्वेग** | 01.16 से 02.44 बजे तक | **काल** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **चर** | 02.44 से 04.12 बजे तक | **लाभ** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **लाभ** | 04.12 से 05.41 बजे तक | **उद्वेग** | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7841



**बाएँ से दाएँ**
1.भगवान, ईश्वर,रब-7
6.रुपये का सोलहवां भाग-2
7.मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8.मूल्य,कीमत,दर-2
10.जी,इच्छा,चित-2
11.नलका,टोंटी-2
13.बारीक,सूक्ष्म-3
14.रेखा,लाइन-3
15.रग,नाड़ी-2
17.अधिकार -2
18.वध,कत्ल,मर्डर-2
20.दौड़ने वाला,धावक (अंग्रेजी-3)
21.एक आंख वाला-2
22.निंदा करना,प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**
2.निर्माण,बनाना-3
3.एक संगीतकार-4
4.गाड़ी चलानेवाला-4
5.नखरा-2
6.आरामदेय-5
9.इच्छा पूरी करना-2,3
10.चिंतन-3
12.उत्साह,जिज्ञासा-3
16.हद,सीमा,बार्डर-4
17.हमेशा,सदैव-4
19.बलिदान,परित्याग, विरक्ति-2
21.नास्तिक (उर्दू-2)

### शब्द पहेली-7840 का हल

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष राशि :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क राशि :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कन्या राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुला राशि :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो, समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**धनु राशि :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकर राशि :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ राशि :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन राशि :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।





# हर किसी का सपना पूरा होगा : पीएम

### कर्नाटक और राजस्थान में विकास ठप होने पर जताया अफसोस

**एजेंसी। पुणे/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार को सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए उन्होंने कहा कि चाहे गरीब हो या मध्यम वर्ग, हर किसी के सपने को पूरा करना मेरी गारंटी है। प्रधानमंत्री आज पुणे मेट्रो के पूर्ण हो चुके खंडों के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1280 से अधिक घर और पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2650 से अधिक पीएमएवाई घर भी लाभार्थियों को सौंपे। उन्होंने पीसीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले लगभग 1190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 6400 से अधिक घरों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने पीसीएमसी के तहत लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का भी उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पुणे एक जीवंत शहर है जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देता है और पूरे देश के युवाओं के सपनों को पूरा करता है। आज की लगभग 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं इस पहचान को और मजबूत करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, जब महाराष्ट्र विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। जब भारत बढ़ेगा, तो महाराष्ट्र को भी लाभ मिलेगा। नवाचार और स्टार्टअप के केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती पहचान का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 9 साल पहले कुछ सौ की तुलना में 1 लाख स्टार्टअप को पार कर लिया है। उन्होंने इस सफलता के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार को श्रेय दिया और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की नींव में पुणे की भूमिका की सराहना की। उन्होंन कहा, ह्लसस्ता डेटा, किफायती फोन और हर गांव तक पहुंचने वाली इंटरनेट सुविधाओं ने इस क्षेत्र को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक और बेंगलुरु के लिए राजनीतिक स्वार्थ के परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कर्नाटक और राजस्थान में विकास ठप होने पर भी अफसोस जताया। मोदी ने कहा, "देश को आगे ले जाने के लिए नीति, नियत और नियम (नीति निष्ठा और नियम) भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।" उन्होंने कहा कि यह विकास के लिए एक निर्णायक शर्त है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले के 10 सालों में उस वक्त की दो योजनाओं में सिर्फ 8 लाख घर बने थे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में 50 हजार सहित 2 लाख से अधिक ऐसे घरों को लाभार्थियों ने खराब गुणवत्ता के कारण खारिज कर दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी मंगलवार को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से पुणे महाराष्ट्र में सम्मानित किए गए। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए उल्लेखनीय एवं असाधारण काम किया हो। इससे पहले प्रधानमंत्री ने दगडूशेठ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट ने गठित किया था। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए काम किया है और जिनके योगदान को उल्लेखनीय और असाधारण के रूप में देखा जा सकता है। यह हर साल एक अगस्त- लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री इस पुरस्कार के 41वें प्राप्तकर्ता बनेंगे। इसे पहले डॉ. शंकर दयाल शर्मा, प्रणब मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, एन.आर. नारायण मूर्ति, डॉ. ई. श्रीधरन जैसे दिग्गजों को प्रदान किया जा चुका है।

## ठाणे में गर्डर मशीन गिरने से 17 मजदूरों की मौत, 3 घायल



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर में सरलांबे गांव में मुंबई-नागपुर समृद्धि हाइवे के तीसरे चरण के काम दौरान गर्डर लॉन्चिंग मशीन और क्रेन गिरने से 17 मजदूरों की मौत हो गई है। इस हादसे में तीन मजदूर घायल हुए हैं। सभी को शासकीय अस्पताल कलवा से मुंबई के सायन अस्पताल शिफ्ट किया गया है। घायलों की हालत चिंताजनक बताई गई है। एनडीआरएफ की टीम अभी भी मलबे को खंगाल रही है। सभी शव शाहपुर जिला अस्पताल भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित प्रत्येक परिजन को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। शिंदे ने कहा है कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। हादसे की उच्चस्तरीय जांच होगी। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। लोक निर्माण मंत्री दादा भूसे ने कहा है कि समृद्धि हाइवे पर दिन-रात काम हो रहा है। रात को समृद्धि राजमार्ग पुल पर गार्डर बिछाए जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हुआ। इस काम में सिंगापुर की कंपनी का अत्याधुनिक लॉन्चर का उपयोग किया जा रहा है। इन लॉन्चरों ने 98 स्टैंड पूरे कर लिए हैं। यहां दूसरे राज्यों के अधिकांश मजदूर काम कर रहे हैं। मृतकों में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों के लोग शामिल हैं।

## नूंह हिंसा : दो पुलिसकर्मी समेत 5 की मौत

### मुख्यमंत्री ने हिंसा की घटनाओं पर ली उच्च स्तरीय बैठक

**एजेंसी। चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नूंह में फैली हिंसा के बाद अब तक प्रभावित क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें दो पुलिस कर्मचारी हैं। हिंसा की घटनाओं के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में एक उच्च स्तरीय बैठक ली, जिसमें गृहमंत्री अनिल विज तथा राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरुग्राम और नूंह में हर साल धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस साल भी इस आयोजन के तहत सोमवार को यात्रा निकाली गई। कुछ लोगों ने साजिश के तहत यात्रा और पुलिस पर पथराव किया, जिससे यात्रा बाधित हुई। यह एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। कुछ ही पलों में यह हिंसा भड़क गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना के बाद एडीजीपी सीआईडी, एडीजपी लॉ एंड आर्डर व अन्य पुलिस अधिकारियों को वहां भेजा गया। उन्होंने बताया कि अब तक केंद्रीय सुरक्षा बलों की 16 तथा हरियाणा पुलिस की 30 कंपनियों को मेवात में तैनात किया गया है। नूंह तथा आसपास के जिलों में हालात पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। आज की बैठक में सभी प्रभावित जिलों के ताजा हालात की समीक्षा की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 44 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें 70 व्यक्तियों को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि इस हिंसा में कुछ बाहरी लोग भी शामिल थे। इस हिंसा में हुए जानी व माली नुकसान की रिपोर्ट भी मांग ली गई है। प्रदेश सरकार मृतकों के आश्रितों को जहां मुआवजा देगी, वहीं माली नुकसान की भरपाई भी की जाएगी।

## पंजाब में एनआईए ने की कई जगह छापेमारी

**चंडीगढ़।** एनआईए की टीमों ने टेरर फंडिंग और पाकिस्तानी कनेक्शन के संदेह पर मंगलवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की टीम ने मोहाली के फेज-थ्री-बी टू में आतंकी परमजीत सिंह पम्मा के घर पर आज सुबह छापा मारा। टीम ने यहां पूरे घर को खंगाला। खालिस्तानी आतंकी पम्मा अभी विदेश में रहता है। यहां पर उसके बुजुर्ग माता-पिता रहते हैं। उस पर पंजाब में पटियाला और हरियाणा के अंबाला में बम धमाके करवाने का आरोप है। कुछ दिन पहले भी आतंकी पम्मा के घर पर रेड हुई थी। एनआईए को संदेह है कि पम्मा अभी भी अपने माता-पिता के साथ संपर्क में है। वह साल 2000 से अपने परिवार के साथ ब्रिटेन में शरण लिये हुए है।

## युवा राजनयिकों के लिए शानदार अवसर : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका और तेजी से बढ़ता प्रभाव युवा राजनयिकों के लिए नई चुनौतियों के साथ-साथ शानदार अवसर भी प्रदान कर रहा है। भारतीय विदेश सेवा (2022 बैच) के प्रोबेशनर्स ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनयिक बनने के लिए इससे बेहतर समय और नहीं हो सकता। वैश्विक विकास के अगुवा और वैश्विक शासन में एक मजबूत आवाज के रूप में भारत की भूमिका और प्रभाव अंतरराष्ट्रीय जगत में तेजी से बढ़ रहा है। आज, अंतरराष्ट्रीय समुदाय जटिल वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की तरफ देख रहा है, चाहे वह सतत विकास हो, जलवायु परिवर्तन हो, साइबर सुरक्षा हो, आपदाओं से निपटना हो या उग्रवाद और आतंकवाद से मुकाबला करना हो। उन्होंने कहा कि यह उन जैसे युवा राजनयिकों के लिए नई चुनौतियों के साथ-साथ शानदार अवसर भी प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे ही युवा अधिकारी जिम्मेदारियों के निर्वहन की तैयारी करते हैं, उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि विदेश में उनके सभी प्रयासों और गतिविधियों का अंतिम उद्देश्य अपने देश में वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें भारत की अधिक समृद्धि के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्य सिविल सेवाओं के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें दुनिया भर में 3.3 करोड़ मजबूत भारतीय प्रवासियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को और विकसित कर बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कांसुलर सेवाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सामुदायिक पहुंच के दौरान संवेदनशील और मानवीय हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से भारतीय समुदाय के सदस्यों से नियमित रूप से मिलने और उनके कल्याण का ध्यान रखने का आग्रह किया।

## दिल्ली सेवा बिल लोस में पेश, 3 विधेयक हुए पारित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अध्यादेश को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक-2023 मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इसके अलावा सदन में तीन विधेयक पारित किए गए। लोकसभा में मंगलवार को भी मणिपुर मुद्दे पर व्यवधान रहा और कार्यवाही पहले दो बजे, फिर तीन बजे और बाद में तीन विधेयकों को पारित कर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2023, अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2023 और संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश संशोधन विधेयक- 2023 पारित किए गए। इसके बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक-2023 पेश किया। विधेयक का कुछ विपक्षी सांसदों ने विरोध किया। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक के विरोध केवल राजनीतिक है और इसका संवैधानिक आधार नहीं है।

## हिमाचल में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण करेगा एनएचएआई : गडकरी

**एजेंसी। कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। गडकरी ने हिमाचल में सेतु भारतम योजना के तहत 400 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री गडकरी यहां कुल्लू - मनाली में बाढ़ प्रभावित स्थानों का दौरा करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आग्रह पर बाढ़ से क्षतिग्रस्त हाईवे की मरम्मत के लिए दिल्ली पहुंचते ही 80 करोड़ रुपये रिलीज कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में रंगस में 50 करोड़ से प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी सड़क और चंबा में 53 करोड़ की शाहपुर से चौरी सड़क बनायी जाएगी। गडकरी ने सेतु भारतम योजना के अंतर्गत प्रदेश को 400 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस मानसून की बारिश के बाद भूस्खलन और बाढ़ से करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। कुल्लू व मंडी में ब्यास नदी ने काफी तबाही मचाई है। ब्यास नदी के कारण हुई तबाही के कारणों का भी पता लगाया जाएगा और इसके लिए एक विशेषज्ञों की कमेटी का भी गठन किया गया है। नदी से निकलने वाले पत्थरों से कंकरीट की एनएचएआई नदी के किनारे बड़ी-बड़ी दीवारें बनाएगा ताकि बरसात के दौरान नुकसान कम हो। उन्होंने कहा कि हिमाचल में नेशनल हाईवे और पुलों को जो भी नुकसान हुआ है, उसे ठीक किया जाएगा तथा उसका पूरा खर्च एनएचएआई वहन करेगा।

### सुनवाई : पटना हाईकोर्ट ने जाति आधारित सर्वे रोकने की याचिका की खारिज

# नीतीश सरकार कराएगी जातीय जनगणना

**ब्यूरो। नई दिल्ली**




नीतीश सरकार द्वारा राज्य में करवाई जा रही जातीय जनगणना को रोकने के लिए भाजपा ने तरह - तरह के उपक्रम बिहार से लेकर दिल्ली तक किये। उस पर रोक लगाने के लिए पटना उच्च न्यायालय में याचिका दायर हुई थी । जिस पर सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पीठ ने जाति-आधारित जनगणना को चुनौती देने वाली पांच याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया है। जिसमें जातीय जनगणना रोकने की याचिका खारिज कर दी गई। सो अब नीतीश सरकार जातीय जनगणना करवा सकेगी। उच्च न्यायालय के इस फैसले के साथ ही नीतीश सरकार को अब प्रदेश में जातिगत जनगणना करवाने के लिए हरी झंडी मिल गई है। वैसे तो याचिकाकर्ता इस मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जाने को कह रहे हैं। मालूम हो कि बिहार सरकार यह सर्वे जनवरी के महीने में शुरू कर चुकी थी, लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इसपर रोक लगा दी थी। सर्वे दो चरणों में किया जाना था। पहला चरण जनवरी में किया गया था जिसके तहत घरेलू गिनती का अभ्यास किया गया था। सर्वे का दूसरा चरण 15 अप्रैल को शुरू हुआ, जिसमें लोगों की जाति और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों से संबंधित डेटा इकट्ठा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। पूरी प्रक्रिया इस साल मई तक पूरी करने की योजना थी, लेकिन 4 मई को उच्च न्यायालय के फैसले के बाद इसे रोक दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की पीठ ने रोक लगाने की मांग वाली पांच याचिकाओं पर आदेश पारित किया था। इसमें पाया गया कि सर्वे एक जनगणना थी, जिसे केवल केंद्र सरकार ही कर सकती है। कोर्ट ने कहा था, हमने पाया है कि जाति-आधारित सर्वे एक सर्वे की आड़ में जनगणना है, इसे पूरा करने की पावर विशेष रूप से केंद्रीय संसद के पास है, जिसने जनगणना अधिनियम, 1948 भी बनाया है। इसके बाद,बिहार सरकार ने जाति-आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील किया। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने रोक हटाने से इनकार कर दिया था।और उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करने को कहा। इसके बाद मामले की सुनवाई पटना उच्च न्यायालय ने की। जिसमें बिहार सरकार ने साक्ष्य प्रस्तुत किया कि वह राज्य के लोगों की जाति और सामाजिक-आर्थिक कल्याण पर डेटा एकत्र करने के लिए जाति-आधारित सर्वेक्षण करने में सक्षम है।सरकार ने यह भी कहा कि लोगों को अपनी जाति घोषित करने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है और पूरी प्रक्रिया में भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है और यह तथ्य इसे जाति-आधारित जनगणना से अलग बनाता है, जिसमें जाति की घोषणा अनिवार्य है।यह भी निवेदन किया गया है कि प्रश्नगत सर्वेक्षण में एक भी व्यक्ति ने यह आरोप नहीं लगाया कि सर्वेक्षण के नाम पर उनसे जबरन जानकारी ली जा रही है। मौखिक दलीलों के अलावा, सरकार ने जाति-आधारित सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं के जवाब में हलफनामा भी दायर किया। इसमें यह कहा गया, यह निर्विवाद है कि यह सर्वेक्षण जनगणना नहीं है। इसमें कुछ समानताएं हो सकती हैं लेकिन स्पष्ट अंतर हैं। ये दोनों प्रक्रियाएं एक समान नहीं हैं।




## रितेश पांडेय का नया गाना 'हर-हर महादेव' रिलीज के साथ हुआ वायरल

**सुपरस्टार** रितेश पांडेय और सारेगामा हम भोजपुरी का नया गाना 'हर-हर महादेव' ने भोजपुरी भक्ति संगीत की दुनिया में माहौल बना दिया है। यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में रितेश पांडेय का तांडव नृत्य भी मुख्य आकर्षण है, जो उनके फैंस और भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को बेहद पसंद आ रहा है। गाने की मेकिंग काफी उत्कृष्ट है और बाबा भोलेनाथ की भक्ति में झूमने को मजबूर कर देने वाला है। इसलिए यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। रितेश पांडेय ने अपने गाने को लेकर कहा कि 'हर हर महादेव' ऐसा जयघोष है, जिसे हम बचपन से सुनते आए हैं। आज हमने उसे अपने गाने के माध्यम से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि सारेगामा हम भोजपुरी के साथ काम करने का अनुभव हमेशा शानदार रहा है।



### पूजा भट्ट ने बताई 11 साल की शादी टूटने की वजह



**एक्ट्रेस** पूजा भट्ट ने शादी के 11 साल बाद अपनी बिखरती दुनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, तलाक के कारण मैं जिंदगी में उदास थी। मेरे लिए इससे उबरना बहुत मुश्किल था। पूजा भट्ट ने शादी टूटने के बारे में कहा, शादी के 11 साल बाद अपने पति को तलाक देने का मेरा निर्णय था, लेकिन वो मेरे लिए सबसे बुरा समय था। मैं इस दुनिया को जारी नहीं रखना चाहती थी। मैं अपनी जिंदगी आराम से बिताना चाहती थी। मेरा पति बुरा नहीं है, लेकिन मुझे लगा कि मैं खुद को खो रही हूं और यह मेरे या दूसरों के लिए अच्छा नहीं है। हम ये सोच कर अलग हो गए कि झूठ में क्यों जीना। यह कोई ड्रेस रिहर्सल नहीं था, आपको केवल एक मौका मिलता है।

## तमन्ना भाटिया ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



**साउथ** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया जल्द ही फिल्म 'जेलर' के जरिए दर्शकों से रूबरू होंगी। तमन्ना सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। दर्शकों ने 33 साल की तमन्ना और 72 साल के रजनीकांत को उनकी उम्र के कारण ट्रोल किया है। हाल ही में संपन्न हुए एक इवेंट में तमन्ना ने इन ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। फिल्म 'जेलर' में तमन्ना भाटिया और सुपरस्टार रजनीकांत की जोड़ी कई लोगों को पसंद नहीं आ रही है। इसके पीछे की मुख्य वजह दोनों के बीच 39 साल का उम्र का अंतर है। हाल ही में एक्ट्रेस को 72 साल का हीरो और 33 साल की हीरोइन, दोनों के बीच 39 साल का अंतर जैसे कई कमेंट्स के साथ ट्रोल किया गया। 'तू आ दिलबरा' गाने के लॉन्च पर तमन्ना से उम्र के फासले और ट्रोल्स के बारे में सवाल किया गया। इस मौके पर सबसे पहले तमन्ना ने रजनीकांत के साथ काम करने का मौका मिलने पर खुशी जाहिर की। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा, आप उम्र का अंतर क्यों देख रहे हैं? अभिनेता द्वारा पर्दे पर निभाए गए किरदार को देखना अधिक महत्वपूर्ण है। उम्र की बात करें तो हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज आज 60 साल की उम्र में भी जबरदस्त एक्शन करते नजर आते हैं। अब मेरी उम्र की बात करें तो जब मैं बूढ़ी हो जाऊंगी तो मुझे भी डांस करना अच्छा लगेगा।

## प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप के तीनों वर्गों में गुमला ने फाइनल में जगह बनाई

# बालक व बालिका के दोनों वर्गों में होगा मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में प्रमंडल स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के फाइनल मुकाबले में बालक के दोनों वर्गों में रांची और गुमला की ने फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल सिमडेगा और गुमला के बीच खेला जाएगा। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी पांच जिला रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा की अंडर 14 बालक, अंडर 17 बालक एवं अंडर 17 बालिका कुल तीन वर्गों में पंद्रह टीमें के बीच चल रही इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला सेमीफाइनल मैच अंडर 14 बालक वर्ग में संत इग्नियस हाई स्कूल गुमला ने संत जोसेफ हाई स्कूल कर्रा खूंटी को 3-1 से, दूसरा सेमीफाइनल में बेथनी कांवेंट रांची ने



संत रेजिडेंशियल हाई स्कूल लोहरदगा को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच संत इग्नासिय हाई स्कूल गुमला ने एस एस प्लस टू हाई स्कूल कोलेबिरा सिमडेगा को ने 5-0 से, दूसरा सेमीफाइनल रमेश सिंह मुंडा हाई स्कूल बुंडू रांची ने संत रेसिडेंसियल हाई स्कूल लोहरदगा को 7-0 से पराजित कर फाइनल में स्थान पक्का किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में पहले सेमीफाइनल में के जी बी वी टांगर सिमडेगा ने ट्रायब्रेकर मुकाबले में उच्च विद्यालय अरु लोहारदगा को 3-2 से हराया तथा दूसरे सेमिफाइनल में संत पिएस उच्च विद्यालय रामपुर गुमला ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमाहरिया रांची को ट्रायब्रेकर में 2-1 हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पूर्व दुसरे दिन का मैच सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विनय बंधु कच्छप, निर्मल बड़ाईक, पंकज तिर्की, जफर इमाम, देवचरण कच्छप, प्रदीप महतो ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत किया। प्रतियोगिता का पहला फाइनल 02 अगस्त को अंडर 14 बालक का सुबह 9 बजे, दूसरा फाइनल अंडर 17 बालिका का 10:30 बजे तथा तीसरा फाइनल अंडर 17 बालक का 12 बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आनंद कुमार (लेखा पदाधिकारी), जयंत कुमार (सहायक अभियंता), मनोज कुमार (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सिल्ली), मो इम्तियाज (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चान्हो), एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक इम्तियाज हुसैन, सुशील कच्छप, प्रवीण बाजरे, अवंतिका, बीना लकड़ा, अनामिका तिर्की, दयानंद लकड़ा, बिंदेश्वर महतो, विवेक कुमार सुरेश महतो समेत आयोजन समिति के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं प्रखंड साधन सेवी ने मुख्य भूमिका निभाई।

## झारखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार : सीपीआई

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य परिषद की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में कई सांगठनिक और राजनीति प्रस्ताव पारित किए गये। राजनीतिक प्रस्ताव में हजारीबाग में अडाणी कोल ब्लॉक को रद्द करने, राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, राहत कार्य चालू करने, भारत माला एक्सप्रेस वे एवं सिंहपुर कठोतिया माइंस में अधिग्रहित भूमि के बदले उचित मुआवजा देने की मांग की गयी। इसके साथ ही 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने, 1 सितंबर को पूरे राज्य में किसान मांग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करने, सितंबर -अक्टूबर में सभी जन संगठनों का सम्मेलन करने व नवंबर में रांची में विशाल जन रैली करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक मौजूद थे।

# कला, विज्ञान व वाणिज्य की सम्पूरक परीक्षा शुरू, 08 अगस्त को होगा समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) रांची की ओर से संचालित इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की सम्पूरक परीक्षा मंगलवार से आठ अगस्त तक निर्धारित है। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:05 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:20 बजे तक परीक्षा आयोजित की गयी है।

इसके लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इनमें संत अलोइस इंटर कॉलेज, संत अन्ना इंटर कॉलेज और संत जॉन इंटर कॉलेज शामिल है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त और एसएसपी की ओर से पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की



प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा एक अगस्त से आठ अगस्त तक प्रत्येक दिन प्रातः 06:45 बजे से अपराह्न 08.20 बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा के दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र और किसी प्रकार की बैठक एवं आमसभा का आयोजन करने पर पूरी तरह से पांबदी लगा दी गयी है। सम्पूरक परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू।

# जानलेवा हमला करने को लेकर एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लाठी-डंडे और हॉकी स्टिक से मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस जानलेवा हमला करने को लेकर रांची के सदर थाने में घायल अभिषेक सिन्हा ने विवेक कुमार और निखिल चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के अनुसार तिरिल निवासी अभिषेक सिन्हा ने एक मोबाइल फोन अपने दोस्त चूना भट्ठा निवासी विवेक कुमार से 15 हजार में खरीदा। अभिषेक ने मोबाइल के लिए पांच हजार नकद और नौ हजार ऑनलाइन कुल 14 हजार का पेमेंट किया। पेमेंट करने के बाद अभिषेक ने विवेक से मोबाइल की रसीद मांगी तो विवेक ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फिर विवेक ने रसीद देने के लिए अभिषेक को




चाय दुकान पर बुलाया, जहां उसने अपने दोस्त निखिल चौधरी सहित 10 अन्य के साथ मिलकर लाठी-डंडे, हॉकी स्टिक से मारपीट की। उस दौरान विवेक और उसके दोस्त निखिल चौधरी ने अभिषेक की पॉकेट से 35 हजार रुपये छीन लिये। केस करने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में अभिषेक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। थाना प्रभारी श्याम किशोर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रपति से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

# झारखंड के विधि-व्यवस्था पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास में मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं और आदिवासियों का अत्याचार बढ़ गए हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन पर दिन चौपट होती जा रही है। राज्य में बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। हर तरफ अराजकता की स्थिति बन गई है। इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान उन्होंने टाटा-दानापुर एक्सप्रेस को बक्सर तक बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर रेल मंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही रांची-जमशेदपुर भाया कांड्रा होकर नई रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर



बनाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। इनके साथ ही पूर्वा एक्सप्रेस को रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह मार्ग से चलने, दुमका से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन, गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस का दुमका तक विस्तार, विक्रमशिला एक्सप्रेस को दुमका से खोलने तथा दुमका-जामताड़ा नई रेल लाइन की मंजूरी का आग्रह किया। रेल मंत्री जी ने जल्द निर्णय का भरोसा दिलाया। केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर से मुलाकात कर साहिबगंज में तैयार मल्टीमॉडल हब के दूसरे चरण का कार्य शीघ्रता से शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। श्री दास ने कहा कि इन कार्यों से संथाल समेत पूरे राज्य में विकास के द्वार खुलेंगे। राज्य का आर्थिक विकास तेज होगा और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

### केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से पूर्व मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

इसके बाद नई दिल्ली में श्री दास ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इसमें उन्होंने बताया कि धालभूमगढ़ में बनने वाले



एयरपोर्ट के लिए वन विभाग की आपत्तियों और अड़चनों को दूर कर लिया गया है। कुछ कानूनी अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर जल्द से जल्द एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू करने का आग्रह किया। इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए पहले ही बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। इसपर श्री सिंधिया ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके साथ ही उड़ान योजना के तहत तैयार दुमका, पलामू के चियांकी और बोकारो एयरपोर्ट से भी जल्द उड़ान शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र विमान सेवा शुरू करने के लिए आश्वस्त किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या को मिला प्रिंसिपल ऑफ द ईयर पुरस्कार



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या परमजीत कौर को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उद्यमशीलता, उपलब्धियों और प्रतिबद्धता के लिए वुमन लीडर्स फोरम- 2023 द्वारा 'स्कूल विकास में उत्कृष्टता के लिए प्रिंसिपल ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके सक्षम मार्गदर्शन और परिश्रम ने छात्रों को निरंतर विकास की ओर अग्रसर किया है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासन प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्राचार्या को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को उनके जैसे दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता की आवश्यकता है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस सम्मान के लिए वुमन लीडर्स फोरम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्कूल के विकास में योगदान के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित अपर हटिया में मंगलवार को एक महिला का शव फंदे से लटकता मिला है। महिला की शिनाख्त सृष्टि के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में सही जानकारी सामने आ पायेगी। सृष्टि की शादी छह महीने पहले ही हुई थी। सृष्टि के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सृष्टि के भाई का कहना है कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। भाई ने ससुराल वालों पर सृष्टि का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि खुदकुशी का रूप देने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया गया।

# लोबिन हेंब्रम ने पेसा नियमावली के बगैर ग्राम सभा पर अपनी ही सरकार को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार को घेरा। प्रश्नकाल के दौरान लोबिन ने कहा कि जब पेसा नियमावली बनाई नहीं गई है तो किस आधार पर ग्रामसभा हो रही है। साथ ही लघु खनिज के पट्टे दिए जा रहे हैं। इस पर प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने इस पर जानना चाहा कि किस जगह पर ग्रामसभा की अनुमति के बिना पट्टा दिया गया है। सम्बन्धित सदस्य इसकी जानकारी सदन में दे। इस जवाब पर झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने भी सवाल खड़े किए। बादल



पत्रलेख ने कहा कि नियमावली 2004 के संशोधित नियम के तहत ग्राम सभा की स्वीकृति ली जाती है। इससे पहले झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिए। हंगामे के बीच स्पीकर ने सभा की कार्यवाही 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले वेल में पहुंचकर भाजपा विधायक हंगामा करने लगे। नियोजन नीति लागू करने की मांग करते रहे। राज्य की लचर विधि व्यवस्था और बिना नियोजन नीति के हो रही बहाली पर भी सवाल उठाए। राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की। हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने सदन में विधि व्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। साथ ही बगैर नियोजन नीति के युवाओं को रोजगार के मुद्दे पर बरगलाने का आरोप लगाया।

## यातायात क्यूआरटी अभियान के खिलाफ ऑटो चालकों ने दिया धरना

**रांची।** रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के बैनर तले चालकों ने यातायात क्यूआरटी की कार्रवाई के खिलाफ राजभवन के समक्ष मंगलवार को धरना दिया। अध्यक्ष अर्जुन यादव और महासचिव सुनील सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

इस दौरान यूनियन ने राज्यपाल के नाम मजिस्ट्रेट को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें यातायात क्यूआरटी द्वारा एक तरफा कार्रवाई को बंद करने, सभी मार्गों पर सवारी उतारने एवं चढ़ाने का स्थान चिह्नित करने, नागाबाबा खटाल की खाली जमीन पर ऑटो पार्किंग की व्यवस्था करने और सीएनजी ऑटो को परमिट निर्गत करने आदि शामिल हैं।

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करे सरकार : सुनीता चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन आज मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़, चितरपुर ,दुलमी एवं गोला प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर विधनसभा मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के क्रम में उन्होंने कहा कि चारों प्रखंड को सूखा क्षेत्र घोषित किया जाना अति आवश्यक है। यहां के किसान हलकान व बेहाल हैं। उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में अब तक 90 मिलीमीटर बारिश हुई है। पर्याप्त



बारिश नहीं होने के कारण किसान मात्र 03 प्रतिशत धान का बिचड़ा खेतों में लगा पाए हैं। मक्का, दलहन, तिलहन एवं मोटा अनाज की रोपाई भी मात्र 20 प्रतिशत हो पाई है। उन्होंने कहा कि जितनी बारिश होनी चाहिए थी अब तक उससे भी कम बारिश हुई है। खेतों में पानी नहीं होने के कारण किसानों के खेतों में धान का बिचड़ा सूख गया है। ज्यादातर किसान धान की खेती पर निर्भर हैं।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा विधायकों का विस के बाहर धरना




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भाजपा ने सदन के बाहर विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना दिया। भाजपा विधायकों ने झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। वहीं नियोजन नीति को लेकर भी भाजपा विधायक तीसरे दिन मुखर रहे। साथ ही सरकार से राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग की। भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा के पांड्रा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग की।

## हटिया रेलवे स्टेशन होगा मॉडल, 355 करोड़ होंगे खर्च, प्रधानमंत्री छह अगस्त को करेंगे शिलान्यास



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन बहुत जल्द मॉडल होगा। केंद्र सरकार इस पर 355 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा पिस्का रेलवे स्टेशन को भी विकसित करने के लिए 27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को दिल्ली से ऑनलाइन इन दोनों प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। हटिया रेलवे स्टेशन राजधानी रांची का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। यह भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन से संबद्ध है। यह स्टेशन देश के अधिकांश प्रमुख शहरों से रेलवे संजाल से जुड़ा है। हटिया स्टेशनव रांची-राउरकेला रेलवे खंड पर है। हटिया स्टेशन को स्मार्ट सिटी रांची के मेन जंक्शन के रूप में भी विकसित किया जाना है।

## प्रदेश भाजपा ने गोकशी के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**रांची।** झारखंड में बढ़ती गोहत्या और गोमांस के व्यापार पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण अवैध व्यापार करने वाले कानून हाथ में लेकर कार्य कर रहे हैं। यहां तक कि पुलिसिया तंत्र को भी ठेंगा दिखलाते हुए अवैध रूप से व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताजा मामला जामताडा को ही देख लिया जाये तो स्पष्ट है कि गोकशी का विरोध करने पर युवक को ही उल्टे पीट दिया गया। हेमंत सरकार में इसी तरह से प्रदेश के जिलों में घटनाएं घट रही हैं। गोहत्या व गोमांस का अवैध व्यापार करने वालों का विरोध करने पर वे हमला बोल रहे हैं। इन मामलों में सीधे हेमंत सरकार की नीति दिखायी देती है। सरकार और उनके विधायक बहुसंख्यक समाज के आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक इरफानन अंसारी ने जिस प्रकार से माथे पर लगे तिलक को हटाया वह उसी का प्रतीक है। सिन्हा ने कहा कि आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली हेमंत सरकार ने तुपुदाना ओपी प्रभारी एसआई संध्या तोपनो की हत्या के आरोपितों को सजा नहीं दिला पायी है। आदिवासी संध्या तोपनो को गोमांस का व्यापार करने वालों ने गाड़ी से कुचलकर मार डाला।

## पृष्ठ एक के शेष

**11,988 हजार करोड़ का...**

कहा कि एक विशेष कमेटी बनाकर राशि के उपयोग को देखा जाए या फिर सीएजी को ही दे दें। सरयू राय ने कहा कि जिन विधायकों को बजट के कटौती प्रस्ताव पर बोलना था, वही सदन में नहीं हैं। यह अशोभनीय है, पहली बार दिखा है। जमशेदपुर सहित अन्य शहरों में बस चुकी बस्तियों और उनमें रहने वालों को नियमित किए जाने की बात कही। जमीन का मालिकाना हक देने के अलावा जमशेदपुर में नगरपालिका की जरूरत बतायी। उन्होंने अल्प वेतन भोगियों को ओडिशा सरकार की तरह नियमित करने या कर्मियों के खाते में पूरे पैसे देने और आउटसोर्सिंग कंपनी को एक निश्चित कमीशन देने की भी बात कही। पथ निर्माण विभाग द्वारा गलत सूचना दिए जाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा खरीद मामले में आसन के नियमन के उल्लंघन की भी बात रखी। लंबोदर महतो ने कहा कि बिहार सरकार की तरह यहां भी जाति आधारित गणना होनी चाहिए। पटना हाई कोर्ट ने इस काम को सही ठहराया है। ऐसे में झारखंड में भी यह गणना अपने खर्च पर सरकार कराए।

**रेलगाड़ी के माध्यम से हो रहा...**

के मदद के लिए महाअभियान पिछले साल शुरू किया गया। इस महाअभियान के माध्यम से नियंत्रण कक्ष ने अब तक लाखों श्रमिकों को मदद पहुंचाई है। राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए एसआरएमआई प्रोजेक्ट की भी शुरूआत की है।

**श्रमिकों को किया जा रहा जागरूक, मिल रहा योजनाओं का लाभ :** श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल में श्रमिक पंजीकरण व प्रवासी पंजीकरण और उससे प्राप्त होने वाले योजनाओं के लाभ को लेकर प्रत्येक जिलों में श्रम विभाग एवं एसआरएमआई द्वारा पंजीकरण, जागरुकता एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रवासी श्रमिकों का रेस्क्यू, प्रवासी श्रमिकों मृतकों के शव की वापसी, बकाया राशि का भुगतान, आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि लाभों से जोड़ने का कार्य हो रहा है। साथ ही सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवासन की पहल करते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवासन केंद्र विभिन्न जिलों में बनाया गया है।

**रेड़मा से गांजा व अफीम के साथ...**

पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्हें देख मिश्रा जेनरल स्टोर से युवक भागने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें घेरकर दबोच लिया। बाद में सर्च किये जाने पर उक्त तीनों युवकों के पास से गांजा एवं अफीम का पुड़िया बरामद हुआ। तीनों युवकों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

**मुख्यमंत्री ने जन जागरुकता के लिए...**

मिशन का अधिकांश कार्य राज्य सरकार के क्षेत्राधीन है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल से शुद्ध जल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है और प्रतिदिन औसतन लगभग 3500 नये घरों में नल कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के 296 ग्रामों को हर घर जल सत्यापित एवं घोषित किया गया है। यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 15093 ग्रामों को सत्यापित एवं घोषित किया जाएगा।

मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि 15 अगस्त, 2019 में जब जल जीवन मिशन प्रारम्भ हुआ तो राज्य में एफएचटीसी का आच्छादन ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग पांच प्रतिशत घरों तक था जो आज बढ़कर 40 प्रतिशत के करीब है। हेमंत सरकार द्वारा इस अवधि में 35 प्रतिशत नये परिवारों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं राज्य सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को इस योजना से जोड़ने के लिए उन्हें मेकेनिक, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन आदि कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अबतक लगभग पांच हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है और इस वर्ष के अंत तक कुल 18 हजार युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में एनएबीएल से मान्यता प्राप्त कुल 28 अदद जल जांच प्रयोगशाला बनाये गए हैं, जिनमें से 24 जिला मुख्यालयों में अवस्थित है। अबतक इन प्रयोगशालाओं में लगभग 58 हजार जल नमूनों की जांच की गई है। इसके अतिरिक्त सभी 29595 ग्रामों के जल सहियाओं को प्रत्येक वर्ष फिल्ड टेस्ट किट (एफटीके) उपलब्ध कराया जाता है।

मंत्री ने कहा कि हम सभी को भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने के लिये जल संरक्षण एवं ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग के तकनीक का उपयोग करना होगा। राज्य में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सभी गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने का कार्य किया जा रहा है। संपूर्ण स्वच्छता के लिए आवश्यकतानुसार शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सहित राज्य सरकार के मंत्री भी उपस्थित थे।

**नकली दवा पर नकेल लगाने के लिए...**

क्यूआर कोड लगाएंगी। इसके लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 में संशोधन कर क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य किया गया है।

**क्यूआर कोड छपवाई के बहाने दवाओं के दाम बढ़ा देंगी कंपनियां-**

आईडीएमए के अध्यक्ष विरंची शाह ने बताया है कि 1 अगस्त 2023 के बाद बनने वाली 300 कंपनियों के ब्रांड के बैच में पैकेजिंग पर क्यूआर कोड डाले जाएंगे। सरकार के इस कदम का असर एलेग्रा, डोलो, ऑगमेंटिन, एस्थलिन, लिम्सी, सेरिडॉन, कोरेक्स, कालपोल, अनवांटेड-72 और थायरोनॉर्म जैसे लोकप्रिय दवा ब्रांड पर पड़ेगा। इन ब्रांड की दवाएं अधिक मात्रा में बाजार में बिकती हैं और उन्हें सालाना कारोबार या सालाना बिक्री के आधार पर छांटा गया है। सूत्रों ने बताया है कि सरकार के इस फैसले से दवा की कीमत 5 से 7 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जानकारों का मानना है कि फार्मा कंपनियों को अलग से बैच पर क्यूआर कोड छपवाई करवाना पड़ेगा जिसके कारण दवा महंगी हो सकती है।

## पटना हाईकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : राजेन्द्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछड़ी जातियों की जातीय गणना, और उनके आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण करने की इजाजत बिहार सरकार को पटना हाईकोर्ट के द्वारा दिए जाने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि इससे पिछड़ी जातियों की वास्तविक जातीय आंकड़े के अलावे पिछड़ी जाति की आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का भी पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना कराकर वंचित समूह का उचित रूप से सामाजिक ,आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक उत्थान किया जा सकता है। प्रसाद ने कहा कि जातीय आधारित जनगणना से देश की सभी राज्यों के विभिन्न जातियों की वास्तविक जनसंख्या की जानकारी प्राप्त होगी और पिछड़ी जातियों और वंचित समूह के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों के प्रभावी निर्माण एवं क्रियान्वयन उपयोगी साबित होगी। प्रसाद ने कहा कि उपेक्षित समाज का कल्याण और विकास होगा।

# कपिल देव की टिप्पणी पर जडेजा की कड़ी प्रतिक्रिया

**एजेंसी। तरौबा (त्रिनिदाद)।** विश्व चैंपियन कप्तान कपिल देव ने हाल ही में एक इंटरव्यू में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को घमंडी कह दिया था। अब रवींद्र जडेजा ने कपिल देव की टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। द वीक पत्रिका के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, कपिल देव ने टिप्पणी की कि भारतीय क्रिकेटरों का वर्तमान समूह अहंकारी हो गया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। कपिल ने कहा था, कभी-कभी, जब बहुत अधिक पैसा आता है, तो अहंकार आ जाता है। इन क्रिकेटरों को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। कपिल देव की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए,



जडेजा ने स्पष्ट किया कि टीम देश के लिए जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हर कोई अपने खेल का आनंद ले रहा है और कड़ी मेहनत कर रहा है। जब भी उन्हें मौका मिल रहा है, वे अपना 100 प्रतिशत दे रहे हैं और जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जडेजा ने कहा, "इस तरह की टिप्पणियां आम तौर पर तब आती हैं जब भारतीय टीम मैच हार जाती है। कोई भी अहंकारी नहीं है। हर कोई भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और देश के लिए खेल रहे हैं।" स्टार ऑलराउंडर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में टीम संयोजन के साथ अत्यधिक प्रयोग करने के कोच राहुल द्रविड़ के फैसले का भी बचाव किया। पहले वनडे में अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के बाद, भारत ने अपना प्रयोग जारी रखा क्योंकि उन्होंने दूसरे वनडे के लिए रोहित और कोहली को आराम दिया और यह कदम उल्टा पड़ गया, क्योंकि कैरेबियाई टीम ने छह विकेट से जीत दर्ज की और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। हालांकि जडेजा ने कहा, "यह एशिया कप और विश्व कप से पहले की श्रृंखला है, जहां हम प्रयोग कर सकते हैं। हम नए संयोजन आजमा सकते हैं। एक बार जब हम एशिया कप और विश्व कप खेलने जाएंगे, तो हम कुछ भी प्रयोग नहीं कर पाएंगे। यह अच्छा है इससे हमें यह पता चल जाएगा कि टीम का संतुलन, ताकत और कमजोरियां क्या हैं।" बात अगर वनडे सीरीज की करे तो फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, तीन मैचों की सीरीज का निर्णायक वनडे 1 अगस्त को ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला जाएगा।

# बीडब्ल्यूएफ : प्रणय 9 वें व लक्ष्य 11वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जापान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में मंगलवार को क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर पहुंच गए। प्रणय जहां एक स्थान आगे बढ़े हैं वहीं सेन की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ है। प्रणय पिछले सप्ताह तोक्यो में जापान ओपन के सेमीफाइनल में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन जबकि सेन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से




हार गए थे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी एक पायदान आगे 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ चार पायदान चढ़कर 50वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पहले की तरह 17वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे स्थान पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दो पायदान ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### मोनफिल्स ने फ्रैटांगेलो के खिलाफ जीत के साथ की वापसी

**वाशिंगटन।** फ्रांस के स्टार टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स डीसी ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। मोनफिल्स ने पहले दौर में अमेरिकी ब्योर्न फ्रैटांगेलो को हराया। पूर्व विश्व नंबर 6 मोनफिल्स ने सोमवार रात वाशिंगटन डी.सी. में फ्रैटांगेलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। मोनफिल्स ने सीजन की दूसरी टूर-स्तरीय और फ्रेंच ओपन के बाद पहली जीत हासिल की। एटीपी वेबसाइट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपनी 527वीं मैच जीत के रास्ते में, मोनफिल्स ने दो सिग्नेचर स्लैम-डंक स्मैश से भी प्रशंसकों को खुश किया। मोनफिल्स बायीं कलाई की चोट के कारण अपने घरेलू ग्रैंड स्लैम फ्रैंच ओपन के दूसरे दौर से हट गए थे। उन्होंने पिछले हफ्ते अटलांटा में रोलैंड गैरोस के बाद अपना पहला मैच खेला।

### डिएगो गोडिन ने लिया संन्यास

**ब्यूनस आयर्स।** उरुग्वे की तरफ से चार विश्वकप में भाग लेने वाले पूर्व डिफेंडर डिएगो गोडिन ने 37 साल के उम्र में अपने 20 साल के फुटबॉल करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। गोडिन ने अपने करियर का अधिकतर समय स्पेन के क्लब एटलेटिको मैड्रिड के साथ बिताया जिसके लिए वह 2010 से 2019 तक खेलते रहे। इस सत्र में वह अर्जेंटीना के वेलेज सार्सफील्ड की तरफ से खेल रहे थे। गोडिन ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, प्रिया फुटबॉल, आज मैं अपनी जिंदगी का एक पड़ाव समाप्त कर रहा हूं। एक ऐसा मंच जो मेरी जिंदगी था। अब मैं अपने परिवार के साथ घर वापस जा रहा हूं जैसा कि मैं हमेशा चाहता था। गोडिन ने अपने करियर में 600 से अधिक पेशेवर मैच खेले और 38 गोल किए। उनके नाम पर 10 खिताब भी दर्ज हैं जिनमें यूरोपा लीग के दो खिताब भी शामिल हैं।

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स : महिलाओं की 50 मीटर 3पी में सिफ्ट कौर**

# आशी चौकसे 1-2 से आगे रहीं, भारत ने दो स्वर्ण जीते





**एजेंसी। चेंगदू (चीन)** राइफल निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा और आशी चौकसे ने स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारतीय निशानेबाजों ने मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन 31वें एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में चमक जारी रखते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। मंगलवार को इन चार पदकों के साथ भारत और चीन निशानेबाजी में 13 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहे। भारत के 4 स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक की तुलना में चीन आठ स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। सिफ्ट कौर और आशी महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ये दोनों उस टीम का हिस्सा थीं, जिसने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अर्जुन चीमा, वरुण तोमर और अनमोल जैन की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की राइफल स्पर्धा में, सिफ्ट कौर शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 462.9 का स्कोर किया और हमवतन आशी चौकसे से आगे रहीं, जिन्होंने 461.6 का स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन की वांग जेरू ने 451.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में तीसरी भारतीय मानिनी कौशिक पहली दो श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहने के बाद बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं। सिफ्ट पहली दो श्रृंखलाओं में 154.1 और 166.8 के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ आयीं , जिसमें सभी स्कोर 50-प्लस रेंज में थे। आशी ने पहली श्रृंखला की शुरूआत घुटना टेककर 49 और प्रोन तथा खड़े दोनों स्थितियों में 50.4 और 50.6 के साथ की। उन्होंने दूसरी सीरीज में 52.0, 52.6 और 52.5 का स्कोर किया और खुद को पदक की दौड़ में बनाए रखा। अगली श्रृंखला में सिफ्ट ने 50.7 और 51.5 का स्कोर किया जबकि आशी ने 52.2 और 51.6 का स्कोर किया। सिफ्ट ने अपना पलड़ा भारी रखते हुए आशी को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। आशी, मानिनी और सिफ्ट की भारतीय महिला टीम ने फाइनल में 194 इनर 10 के साथ 3527 अंकों का कुल स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 3523 (173 टेन) के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और चेक गणराज्य ने 164 इनर 10 के साथ 3501 के साथ कांस्य पदक जीता।

# इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान कप्तान बनेंगे बेन स्टोक्स : माइकल वॉन



**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम के नेतृत्व के लिए बेन स्टोक्स की प्रशंसा की है और उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में दमदार वापसी की। 0-2 से सीरीज में पिछड़ने के बावजूद इस टीम ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता। वॉन ने कहा, ह्लवह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है। मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा।" द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है। लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने में मदद की - और यह निश्चित रूप से एक आदर्श विरासत है। उन्होंने आगे कहा कि स्टोक्स को भविष्य में एक ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने टीम में अपने खिलाड़ियों के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने की कोशिश की। यह एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई है।

## इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है: रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सोमवार को खत्म हुई एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। सोमवार को द ओवल में क्रिस वोक्स और मोइन अली के गेम-चेंजिंग स्पैल के दम पर इंग्लैंड ने सीरीज के आखिरी मैच में जीत दर्ज की जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड ने आखिरी दो विकेट लेकर अपने करियर का शानदार अंत किया, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर खत्म की। पोंटिंग ने कहा,यदि आप उनके पास मौजूद खिलाड़ियों को देखें, तो मुझे नहीं लगता कि ब्रैंडन मैकुलम उन्हें ज्यादा कुछ कह रहे हैं। वह बस इतना बोल रहे हैं, बाहर जाओ और अपने तरीके पर भरोसा करो।"

## यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया



वाशिंगटन। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने डीसी ओपन टेनिस टूनार्मेंट में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेटों में हराने के बाद अपनी इस प्रतिद्वंदी से हाथ नहीं मिलाए। स्वितोलिना ने सोमवार को खेले गए पहले दौर के इस मैच में 7-6 (2), 6-4 से जीत दर्ज की। यूक्रेन में युद्ध के दौरान स्वितोलिना और उनके देश की अन्य खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस की अपनी प्रतिद्वंद्वियों से हाथ मिलाने से परहेज की है। रूस ने फरवरी 2022 में बेलारूस की मदद से यूक्रेन पर हमला किया था और यह युद्ध अभी जारी है। स्वितोलिना और अजारेंका के बीच मैच से पहले ही दर्शकों को बता दिया गया था कि दोनों खिलाड़ी मैच के बाद एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। टेनिस में मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाते हैं लेकिन स्वितोलिना और अजारेंका ने केवल चेयर अंपायर से हाथ मिलाया।

स्वितोलिना के इस कदम की कुछ दर्शकों ने सराहना भी की। स्वितोलिना ने बाद में कहा, यह सही फैसला है। मैंने डब्ल्यूटीए से कहा कि वह यूक्रेन के खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करे और उसने ऐसा किया। पहले दौर के अन्य मैचों में गत चैंपियन ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली डेनिएल कोलिन्स को 6-1, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में ही लॉरेन डेविस ने 2017 की यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को 7-6 (8), 3-6, 6-1 से जबकि मार्टा कोस्त्युक ने 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका एंड्रीस्कू को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।

# सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे नोवाक जोकोविच

**एजेंसी। ओहियो (अमेरिका)** सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सोमवार को जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल ड्रॉ के लिए साइन किया है, जो यूएस ओपन से पहले उनका एकमात्र अभ्यास कार्यक्रम है। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार नहीं



होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है। उन्होंने कैनेडियन ओपन को छोड़ कर टेनिस कोर्ट में अपनी वापसी में और देरी कर दी। सिनसिनाटी में एकल और युगल मुकाबले 28 अगस्त को न्यूयॉर्क के फ्लशिंग मीडोज में शुरू होने वाले वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से पहले जोकोविच के एकमात्र प्रतिस्पर्धी मैच होंगे। जोकोविच दो साल में पहली बार अमेरिका लौटेंगे। वह वैक्सीन प्रोटोकॉल के कारण पिछले साल के संस्करण से चूक गए थे।

**एशियाई खेल** | **भारतीय हॉकी टीम के चेन्नई पहुंचने पर उप-कप्तान हार्दिक ने कहा-**

# हमें खेल की गति को नियंत्रित करने की जरूरत

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को गुरुवार से शुरू होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सकारात्मक शुरूआत करने के लिए खेल की गति को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने और शुरू से ही स्विच ऑन करने की आवश्यकता होगी। मंगलवार को चेन्नई पहुंचने पर उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि यह भारतीय टीम के लिए एक कठिन प्रतियोगिता होगी क्योंकि यह आगामी एशियाई खेलों की तैयारी भी होगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में हार्दिक के हवाले से कहा, मेरा मानना है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अच्छी गुणवत्ता की होने के कारण एक कठिन चुनौती पेश करती है। नतीजतन, हमारा दृष्टिकोण हर मुकाबले के लिए पूरी लगन से तैयारी करना होगा।" हार्दिक ने हाल के स्पेन दौरे पर टीम के प्रदर्शन की सराहना की और कहा, हमने स्पेन में अच्छा प्रदर्शन किया, खासकर पिछले कुछ मैचों




में जिसमें नीदरलैंड के खिलाफ 2-1 की जीत शामिल थी।

आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से भरपूर, भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मंगलवार सुबह यहां पहुंची। भारतीय टीम का प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जो स्पेन से पहुंची टीम का स्वागत करने के लिए चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे, जहां टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित टूर्नामेंट में भाग लिया था।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम कठोर प्रशिक्षण, रणनीतिक योजना और मजबूत टीम सौहार्द के साथ एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए तैयारी कर रही है। विशेष रूप से, भारत टूर्नामेंट के इतिहास में पाकिस्तान के साथ सबसे सफल टीम है क्योंकि दोनों टीमों ने तीन-तीन बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इसलिए, मेजबान टीम का लक्ष्य अब रिकॉर्ड चौथी बार ट्रॉफी हासिल करना और भारतीय हॉकी इतिहास में एक नया अध्याय लिखना होगा।

भारतीय टीम टूर्नामेंट के दौरान जापान, कोरिया, पाकिस्तान, चीन और मलेशिया से भिड़ेगी। टूर्नामेंट का आयोजन 3 से 12 अगस्त तक मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में होगा। भारत गुरुवार (3 अगस्त) को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। टूर्नामेंट प्रारूप के अनुसार, शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल में जाने से पहले सभी छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण में पांच मैच खेलेंगी।

टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारियों और टीम के हालिया प्रदर्शन पर बोलते हुए, मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, मुझे लगता है कि हमने स्पेन में हाल ही में संपन्न चार देशों के टूर्नामेंट में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले 10 दिनों में हमने कुछ अच्छे विरोधियों का सामना किया और उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। हमने वैसे ही खेलना शुरू कर दिया है जैसे हम खेलना पसंद करते हैं। इसके अलावा, हमने अपने हाल के खेलों में अपने खेल में कुछ सामरिक बदलाव किए हैं और अब हम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में उन्हें लागू करने का लक्ष्य रखेंगे। उन्होंने कहा, हम इस टूर्नामेंट का उपयोग आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए एक मंच के रूप में करेंगे। विशेष रूप से, भाग लेने वाली छह टीमों में से, भारत, मलेशिया, जापान और कोरिया पहले ही मेजबान शहर चेन्नई पहुंच चुके हैं, जबकि पाकिस्तान और चीन का मंगलवार रात को यहां पहुंचने का कार्यक्रम है।

